सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 201 12

अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

**जोहार,**

झारखण्ड अलग राज्य होने के 20 वर्षों बाद, विषम परिस्थितियों में भी हेमन्त बाबू के कुशल नेतृत्व में जो कामकाज और योजनाएं यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने हेतु चलायी गयी हैं, यह गठबंधन सरकार, उस काम को और तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेगी।

यहां के सभी वर्गों, जैसे युवा, बच्चे, बुजुर्गों, महिलाएं, किसानों और मजदूरों को हक-अधिकार देने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए जनहित में हम काम करेंगे।

झारखण्ड में जल-जंगल-जमीन को लेकर वर्षों से संघर्ष हुआ है। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व और अस्मिता को संरक्षित करने का काम हमें करना है।

हमारा प्रयास रहेगा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू और बाबा तिलका मांझी समेत सभी वीर शहीदों के आदर्शों को धरातल पर उतार कर, राज्यवासियों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सके।

यह बहुत बड़ा दायित्व मुझे मिला है जिसे मैं पूरी लगन से निभाऊंगा।

जय हिन्द !
जय झारखण्ड !



चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 317765 (IPRD) 23-24

सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 201



अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन

## न्यूज डायरी

### सीएम के प्रधान सचिव बने विनय कुमार चौबे



रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रधान सचिव के पद पर आईएएस विनय कुमार चौबे को नियुक्ति किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य अस्पताल में भर्ती

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस में जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गयी। उनको सीने में दर्द होने के कारण आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उन्हें वायुमार्ग से देहरादून ले जाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। जगद्गुरु की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं।

### ज्ञानवापी मामले में अब छह फरवरी को सुनवाई

लखनऊ। ज्ञानवापी तहखाना में पूजा-अर्चना की अनुमति देने संबंधी जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं मिली है। अब, अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

### डॉक्टरों की सुरक्षा पर विशेष फोकस: मांडविया

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि नये आपराधिक कानून में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। श्री मांडविया ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में चिकित्सक को भगवान के रूप में माना जाता है। देश की यह रीति-नीति रही है।

### आदिवासियों का सर्वांगीण विकास करेगी सरकार

नयी दिल्ली। जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के आश्वासन के बाद बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने अपना निजी विधेयक साल पत्तों के संग्रहकों और व्यापारियों का कल्याण विधेयक 2022 को शुक्रवार को वापस ले लिया कि मोदी सरकार आदिवासियों के हितों और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

### यशस्वी जायसवाल दोहरे शतक की ओर

नयी दिल्ली। टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शुक्रवार को विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 179 रन की पारी खेली। 22 साल के खिलाड़ी के शतक से भारत ने पहले दिन स्टंप उखड़ने तक छह विकेट पर 336 रन बनाये।

इस खिलाड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का नमूना पेश किया था और 171 रन जड़ दिए थे। जायसवाल की नजरें अब दोहरे शतक पर है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# झारखंड में चंपई राज, 12वें सीएम बने

## राज्यपाल ने दिलायी सीएम पद की शपथ, आलमगीर और भोक्ता बने मंत्री

- राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को दोपहर बाद झामुमो के नेतृत्व में गठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। राजभवन के दरबार हॉल में यहां आयोजित एक सादे समारोह में चंपाई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल ने इसके अलावा कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद के इकलौते विधायक सत्यानंद भोक्ता को भी मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शुक्रवार को श्री सोरेन के अलावा केवल दो विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। इससे पहले दरबार हॉल में बैठे सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से परमिशन लेने के बाद शपथ समारोह कार्यक्रम शुरू हुआ।

**सीएस ने पढ़ा नियुक्ति का वारंट :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं दोनों मंत्रियों को शपथ लेने के बाद हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने मुख्यमंत्री एवं दोनों मंत्रियों की नियुक्ति संबंधी वारंट पढ़ा एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा मुख्यमंत्री एवं दोनों मंत्रियों को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाब अहमद मीर, पूर्व सांसद सरफराज अहमद राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक विनोद सिंह समेत कई अन्य विधायक और कांग्रेस नेताओं के अलावा मुख्य सचिव, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह के अलावा भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण एवं अन्य मौजूद थे।

**मंत्रियों के परिजन भी समारोह में शामिल :** सीएम पद की शपथ लेने शुक्रवार की दोपहर 12.05 बजे चंपाई सोरेन राजभवन पहुंचे थे। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम, राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता और सीता सोरेन भी पहुंची थी। चंपाई सोरेन के साथ शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों के परिवार वाले भी समारोह में पहुंचे थे।

**लंबे इंतजार के बाद मिला था निमंत्रण :** महागठबंधन कई घंटों से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बुलावे का इंतजार कर रही थी, लेकिन राज्यपाल की तरफ से कोई बुलावा नहीं आ रहा था। काफी इंतजार के बाद गुरुवार को चंपाई सोरेन ने राज्यपाल को पत्र लिख कर 3 बजे का समय मांगा। इसके बाद राज भवन ने 5 बजे का समय दिया।

शाम साढ़े पांच बजे चंपई सोरेन के नेतृत्व में पांच विधायक राज्यपाल से मिले, लेकिन उन्होंने सरकार बनाने का समय नहीं दिया। इसके बाद सभी विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी गयी थी।

सभी विधायक बस में बैठकर एयरपोर्ट गये। भीतर जाकर चार्टेड प्लेन में बैठ भी गये, लेकिन लो विसिबिलिटी के कारण प्लेन उड़ान नहीं भर पायी। इसके बाद सभी विधायक बस में बैठकर सर्किट हाउस लौट आये। इसी बीच देर रात राज्यपाल ने चंपाई सोरेन को मनोनीत मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया और उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और इसी के कारण चंपाई सोरेन को झामुमो गठबंधन विधायक दल का नया नेता चुना गया। (शेष पेज 11 पर)



### हेमंत का कार्यकाल शानदार, शेष काम में तेजी लाऊंगा : चंपई

मुख्यमंत्री पद के रूप में शपथ लेने के बाद श्री सोरेन ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह राज्य के मूलवासी और आदिवासी के कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड जल, जंगल और जमीन की भूमि है। आवश्यकता है आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा करने की। मुझे बड़ी जिम्मेदारी मिली है जिसे निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने राज्य सरकार के लिए बाधाएं पैदा करने की कोशिश की है। उनके नापाक इरादे पूरे नहीं होने दिये जायेंगे। बाद में कैबिनेट की बैठक में भाग ले कर सीएम राहुल गांधी की पाकुड़ में आयोजित सभा में भाग लेने निकल गये। सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन का कार्यकाल काफी शानदार रहा। वह शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक के प्रोजेक्ट भवन में बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के बचे हुए काम को तेजी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम इस नई सरकार में हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुये जनहित में सारे कामों को पूरा करेंगे। जल जंगल जमीन का वर्षों से संघर्ष हुआ है। यहां के आदिवासी मूलवासी का अस्मिता को बचाना है। हम जनमानस की भावना को साथ लेकर चलेंगे। जल्द ही हमलोग फ्लोर टेस्ट करेंगे। सत्ताधारी विधायकों को हैदराबाद भेजने के सवाल पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि कोई मजबूरी नहीं है, वह हमारी रणनीति का हिस्सा है।

## हैदराबाद गये गठबंधन के विधायक, पांच को लौटेंगे



रांची/हैदराबाद। झारखंड में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजनीतिक घटनाक्रम के बीच जेएमएम और कांग्रेस के कुल 36 विधायकों के साथ 50 नेता दो प्राइवेट प्लेन से हैदराबाद पहुंचे। सभी विधायकों के पांच फरवरी को सुबह विशेष विमान से फिर झारखंड लौटने की आशा है। पांच फरवरी को विधानसभा में शक्ति परीक्षण होना है। इसी पृष्ठभूमि में जेएमएम और कांग्रेस के विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट किया गया है। उनके साथ तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपा दास मुंशी भी हैं। हैदराबाद में सभी को दो एसी बसों में शमीरपेट के लियोनिया रिसॉर्ट्स ले जाया गया। दीपादास मुंशी और मंत्री पोन्नम प्रभाकर के नेतृत्व में उन्हें रिसॉर्ट्स में ले जाया गया। एआईसीसी सचिव संपत कुमार, खैरताबाद डीसीसी अध्यक्ष रोहिन रेड्डी, सिकंदराबाद डीसीसी अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, एलबीनगर कांग्रेस नेता मालरेड्डी रामिरेड्डी और अन्य लोग उनके साथ रिसॉर्ट्स पहुंचे। झारखंड विधानसभा सीटों की कुल संख्या 80 है और शक्ति परीक्षण जीतने के लिए 41 से अधिक विधायकों के समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे में झारखंड की राजनीति काफी दिलचस्प हो गयी है।

चंपई कैबिनेट की पहली बैठक में तीन प्रस्ताव पास

## विधानसभा का विशेष सत्र 5-6 को



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में तीन प्रस्तावों पर मुहर लगी है। 5 और 6 फरवरी को विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। राज्यपाल ने विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की दी मंजूरी दे दी। इसमें सरकार अपना बहुमत साबित करेगी। वही, पूर्व निर्धारित 9 फरवरी से 29 फरवरी के बजट सत्र को विलोपित (रद्द) करने का निर्णय लिया गया। साथ ही राजीव रंजन को फिर से एडवोकेट जनरल नियुक्त करने के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट में फिलहाल उन्हें मिलाकर तीन मंत्री हैं। बैठक में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने के फैसले पर मुहर लगी। राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा। दूसरे दिन अभिभाषण पर वाद-विवाद होकर सत्र समाप्त होगा। सत्र की शुरूआत पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। विशेष सत्र दो दिन पांच व छह फरवरी को होगा। पहले दिन चम्पाई सोरेन सरकार बहुमत साबित करेगी। इस संबंध में राजभवन सचिवालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। राजीव रंजन को महाधिवक्ता बनाया गया है। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी।

## हेमंत सोरेन से पांच दिन पूछताछ करेगी इडी

### परिजनों से मिलते रहने देने व चेकअप कराते रहने का निर्देश

जमीन घोटाला मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से इडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। इडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने की अनुमति शुक्रवार को दे दी है। गुरुवार को पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई के बाद इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। इडी ने 10 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर इडी को सौंपने का निर्देश दिया है। रिमांड की अवधि शुक्रवार से शुरू होगी। अब शनिवार को इडी पूछताथ के लिए श्री सोरेन को जेल से अपने कब्जे में लेगी। पांच दिनों की पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को सात फरवरी को पुनः कोर्ट में पेश किया जायेगा। पेशी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए 13 फरवरी तक के लिए जेल भेज दिया गया।

**चेकअप कराते रहने का निर्देश :** पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पहले हाइकोर्ट जायें

रांची/नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को धनशोधन मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सीधे इस मामले की सुनवाई नहीं करेगी। आप पहले हाई कोर्ट जायें। सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन से पूछा कि आप हाई कोर्ट क्यों नहीं जाते? सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह मामला एक मुख्यमंत्री से संबंधित है जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें सबके लिए खुली हैं और उच्च न्यायालय संवैधानिक अदालतें हैं। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पैरवी की। याचिका की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की एक विशेष पीठ ने किया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी शामिल थे। बता दें कि हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार रात गिरफ्तार हुए। सोरेन ने मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सबसे पहले झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया था। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी गुरुवार सुबह 10.30 बजे सोरेन की याचिका पर सुनवाई करने वाले थे, लेकिन सिब्बल और सिंघवी ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि संबंधित याचिका झारखंड उच्च न्यायालय से वापस ले ली गयी। जिसके बाद शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। अब सोरेन को फिर से हाईकोर्ट का रुख करना होगा।

## नफरत के खिलाफ लड़ना हमारा कर्तव्य : राहुल गांधी

### बंगाल के रास्ते पाकुड़ पहुंची न्याय यात्रा, सीएम भी शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, पाकुड़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड़ होते हुए झारखंड के पाकुड़ पहुंची। नसीपुर मोड़ पर बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण किया। इसके साथ ही न्याय यात्रा की झारखंड में शुरूआत हो गयी। झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। झारखंड में राहुल की न्याय यात्रा में सीएम चंपाई सोरेन भी जुड़े।

**लोकतंत्र खत्म कर रही भाजपा :** राहुल ने कहा कि लोकतंत्र की सरकार बहुमत की सरकार उसे भाजपा ने चोरी करने की कोशिश की और उसे साजिश के खिलाफ हम और आप खड़े हो गये। इसी का नतीजा है कि आज हमारे सामने झारखंड की चुनी हुई सरकार और नये मुख्यमंत्री यहां साथ यहां खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आरएसएस के लोग चाहे जितनी एजेंसियां लगा ले, हम डरने वाले नहीं हैं। हम उनके खिलाफ मिलकर संघर्ष करते रहेंगे। राहुल ने कहा कि आज देश भर में भाजपा और आरएसएस के लोगों ने नफरत और हिंसा फैला रखी है, उसके खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। (शेष पेज 11 पर)



### साजिश के तहत हेमंत की गिरफ्तारी : चंपई सोरेन

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के नये चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा, आरएसएस ने जनता द्वारा चुनी गयी आपके लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमों में फंसा कर गिरफ्तार कराया है। झारखंड सरकार गिराने की साजिश की थी। वह पूरी तरह से असफल हो गयी। आज आपके प्यार और आशीर्वाद से आपके द्वारा चुनी हुई सरकार बरकरार है और आपके द्वार पर खड़ी है। हम आगे भी इनके षड्यंत्र के खिलाफ आपके साथ से लड़ते रहेंगे।

## संसद के दोनों सदनों में झारखंड संकट पर हंगामा, वाकआउट

# बिहार में जल्दबाजी, झारखंड में देरी पर केंद्र को घेरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। झारखंड संकट पर शुक्रवार को संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्षी इंडी गठबंधन ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा भी शुरू हो गया है। विपक्ष ने झारखंड में चल रहे राजनीतिक हलचल पर केंद्र को घेरा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड में संविधान की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। खड़गे ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किये जाने के बाद नयी सरकार के गठन में देरी का मुद्दा उठाया। केंद्र सरकार की की ओर से पीयूष गोयल ने कांग्रेस पर पलटवार किया। वहीं, इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक दलों ने इसी मुद्दे पर लोकसभा से वाकआउट किया। हालांकि शुक्रवार को चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में नयी सरकार ने कमान संभाल ली है। गुरुवार की देर रात राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने को आमंत्रित किया था। (शेष पेज 11 पर)

### भ्रष्टाचार पर नहीं बोलती कांग्रेस : गोयल



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि वह भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हुआ है। कांग्रेस पार्टी उस भ्रष्टाचार के बारे में कोई बात नहीं करती। कांग्रेस पार्टी बताये कि क्या वह झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के साथ है। बाद में इसी मुद्दे पर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने राज्यसभा से भी वॉकआउट किया।

### 24 घंटे बिना सरकार के रहा झारखंड

झामुमो नेता हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद राज्यपाल की ओर से झारखंड में नई सरकार को लेकर कोई अंतरिम व्यवस्था नहीं की गयी थी। इसे लेकर कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने शुक्रवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड के घटनाक्रम की तुलना पड़ोसी राज्य बिहार में हाल में हुए घटनाक्रम से की। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था तब उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर लिया गया। उन्हें नयी सरकार बनने तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। झारखंड में जान-बूझकर इतनी देरी की गयी। झारखंड में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गयी। 24 घंटे के दौरान सूबे में कोई सरकार नहीं थी। बावजूद इसके राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आगे कोई इंतजाम नहीं किया। ऐसा तब हुआ जब बुधवार रात में सीएम हेमंत सोरेन ने अपना पद छोड़ा और फिर इडीने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसी मुद्दे को कांग्रेस ने राज्यसभा में उठाया और बिहार का जिक्र करते हुए कई सवाल उठाये। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट भी किया।

## कांग्रेस को 40 सीट भी मिलने में संदेह : ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 40 सीटें मिल पाने पर भी संदेह जताया। उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की आलोचना करते हुए उसकी तुलना प्रवासी पक्षी से की। ममता बनर्जी ने तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की चुनौती दी। ममता ने कहा कि उन्हें तो इस बात पर भी संदेह है कि क्या सबसे पुरानी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी हासिल कर पायेगी। बनर्जी ने कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की भी आलोचना की, जो राज्य के छह जिलों से होकर गुजरी। टीएमसी प्रमुख ने कहा, 'मैंने प्रस्ताव दिया कि कांग्रेस 300 सीट पर चुनाव लड़े (देश भर में जहां भाजपा मुख्य विपक्ष है), लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। अब, वे मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राज्य में आये है। मुझे संदेह है कि यदि वे 300 सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो क्या वे 40 सीट भी जीत पायेंगे। केंद्र से राज्य के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कोलकाता में एक धरने के दौरान बनर्जी ने दोहराया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

# एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में बाबा परमजीत सिंह महाराज का आध्यात्मिक सत्संग कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी 4 फरवरी दिन रविवार को एग्रिको ट्रॉसपोर्ट मैदान में राधा स्वामी तरन तारन (पंजाब) के परमसंत बाबा परमजीत सिंह जी महाराज के आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन बहुत ही भव्य रूप से किया जा रहा है। सत्संग सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं उसके पश्चायत गुरु के लंगर/भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी राधा स्वामी तरन तारन पंजाब के शिष्य विक्रम शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। चैम्बर भवन,बिष्टुपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विक्रम शर्मा ने बताया कि इस दौरान कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग सत्संग में शामिल होंगे। सत्संगियों की बड़ी संख्या को देखते हुए, उनके आवागमन के लिए जमशेदपुर सेन्टर के द्वारा 30-35 क्षेत्रों से बसों की व्यवस्था की गयी है। जो उन क्षेत्रों से श्रद्धालुओं को लेकर आएगी एवं सत्संग एवं लंगर के बाद उन्हें वापस छोड़ने के लिए भी जाएगी। सत्संग में 10 से 11 हजार लोगों के उपस्थित होने का अनुमान है, पिछले साल 8 से 9 हजार लोगों की उपस्थिति हुई थी। विक्रम शर्मा ने बताया कि सत्संग सुचारू रूप से हो सके इसके लिए कई बैठके की गई जिसमें जमशेदपुर सेंटर के अध्यक्ष गुलशन आनंद, निर्मल सिंह, पंकज सिंह, अशोक सिंह और अन्य कमेटी मेंबर मौजूद थे। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए 370 कारसेवकों, सेवादार की नियुक्ति की गई है। आयोजन स्थल पर पानी, टॉयलेट, व्हील चेयर, ई रिक्शा की भी व्यवस्था रहेगी ताकि बुजुर्ग और चलने में आसमर्थ लोगों को कोई परेशानी न हो। सत्संग में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार से कई श्रद्धालुगण जमशेदपुर पहुँच चुके है जिनके रुकने की व्यवस्था जमशेदपुर सेंटर एवं कुछ होटलों में की गई है। आम जानता को आवाजाही में एवं सत्संग के दौरान कोई समस्या न आए इसके लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।



सत्संग कार्यक्रम की जानकारी देते विक्रम शर्मा व अन्य गुरुभाई।

## केंद्र सरकार का अंतरिम बजट शानदार : काले

**जमशेदपुर।** आज केंद्र द्वारा पारित अंतरिम बजट को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बजट 2024 को शानदार बताते हुए कहा कि यह युवा भारत की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। यह बजट चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।


**खबर एक नजर में**

## सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह ने कहा मानवहित में स्वेच्छा से रक्तदान करें नागरिक

**जमशेदपुर।** सेक्टर 3 ट्यूब कॉलोनी, बारीडीह में साईं भक्ति समिति द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जमशेदपुर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समिति के सदस्यों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर, सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह ने लोगों से मानवहित में स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और पहली बार रक्त दान कर रहे रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

## देश के सुनहरे भविष्य निर्माण का बजट : सुधांशु ओझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। मोदी सरकार के कार्यकाल 20 एवं चुनाव से पहले पेश किये गए इस अंतरिम अंतिम बजट का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अंतरिम बजट को विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है।

# टाटा वर्कर्स यूनियन का चुनाव आज, तैयारी पूरी

## संजीव चौधरी एंड टीम वापसी के लिए तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की मान्यता प्राप्त टाटा वर्कर्स यूनियन का चुनाव 3 फरवरी को होगा। यह चुनाव टाटा स्टील परिसर में कराया जाएगा और कंपनी के पैरोल पर काम कर रहे हैं सदस्य कर्मचारी 214 कमेटी मेंबरों का चुनाव गुप्त मतदान से करेंगे। इसी दिन यानी 3 फरवरी की शाम को ही मतगणना होगी और निर्वाचित कमेटी मेंबर अध्यक्ष महासचिव डिप्टी प्रेसीडेंट कोषाध्यक्ष के अलावा चार उपाध्यक्ष तीन सह सचिन चुनेंगे। वर्तमान अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी (टुन्नु) अपनी टीम के साथ दूसरी बार सत्ता संभालने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। टुन्नू चौधरी ने अपने सिटिंग पदाधिकारियों को दोबारा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर अब तक संजीव चौधरी अकेले मैदान में है जबकि महासचिव पद पर सतीश सिंह और डेप्युटी प्रेसिडेंट पद पर शैलेश सिंह मुकाबले में फंसे हैं। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर फिर से हरिशंकर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। शाहनवाज आलम संजय सिंह और संजीव तिवारी का उपाध्यक्ष चुना जाना तय है। वर्तमान एक उपाध्यक्ष शत्रुघ्न राय रिटायर हो चुके हैं इसलिए उनका पद खाली रखा गया है सहायक सचिव के पद पर नितेश राज सरोज सिंह और अजय चौधरी टीम टुन्नू के प्रत्याशी हैं।

टाटा वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी समिति 214 सीट की हैं जिसमें 69 सीट निर्विरोध घोषित होने के बाद कुल 145 सीट पर 422 प्रत्याशी अभी तक चुनाव लड़ेंगे।

**1990 बैच के ट्रेड अप्रेंटिस हैं संजीव चौधरी :** संजीव चौधरी का अध्यक्ष चुना जाना तय है। वह टाटा स्टील में ट्रेड अप्रेंटिस के जरिए 1990 में ज्वाइन किए थे उन्होंने कोऑपरेटिव कॉलेज से बीएससी की डिग्री हासिल की है। पहली बार में 2002 में कमेटी मेंबर बने। इसके बाद 2006 में सहायक सचिव चुने गए। 2012 और 2015 में डिप्टी प्रेसीडेंट चुने गए। 2018 में वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद वे सीधे अध्यक्ष चुने गए। 2021 में वे अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
Ranchi-834001, Jharkhand.Ph No.: +91-651-2225878;
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Domchanch/UWSS/2023/581
Date: 02 Feb, 2024
Tender ID: - 2024_UDD_80111_1PR No.: 315151

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for the project of **"Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance"**. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 317745 (Urban Development and Housing)23-24*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 15 /2023-24

Date:: -01-02-2024


| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation work of B.C. Hostel in Ramnarayan Yadav Memorial college, Barhi ,Block-Barhi, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9533820/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 5-02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 12-02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 317668 Building (23-24)D

## आम बजट में दिख रही विकसित भारत की आधारशिला : मनोज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के सदस्य एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में विकसित भारत की आधारशिला दिखती है जो कि जुलाई 2024 में आनेवाले पूर्ण बजट में स्पष्ट रोड मैप के साथ आयेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य हेतु सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन निर्देशक सिद्धांत रहेंगे। इस बजट में डीब्रीटी. के कारण 27 लाख करोड़ बचत की चर्चा के साथ लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से उपर आने की बात भी की गई है। अबतक 3 करोड़ लाभार्थी को आवास दी गई जिसमें 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में है और आगामी वर्षों में 2 करोड़ और घर देने की योजना है। जहां 118 करोड़ किसान को मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी रखने के साथ-साथ 4 करोड़ किसान की फसल बीमा की भी चर्चा है। कार्पोरेट कर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने एवं उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि को जारी रखने का निर्णय अर्थव्यवस्था को गति देगा।

## आत्मनिर्भर और उत्साहवर्धक बजट : काली



**जमशेदपुर।** भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी ष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा ने गुरूवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का संसद में पेश किये गये अंतरिम बजट को आत्मनिर्भर और उत्साहवर्धक बताया। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ क्रमशः युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है।

## विकसित भारत के सपने साकार करने वाला बजट : गुंजन यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष गुंजन यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गए अंतरिम बजट को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में महिला, किसान, गरीब, युवा और मध्यमवर्गीय सभी घटकों की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। 1 करोड़ परिवारों को सोलर सिस्टम देकर 300 यूनिट तक की बिजली मुफ्त देने की संकल्पना की गई है। युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ ब्याजमुक्त निधि तैयार करने का निर्णय क्रांतिकारी और स्वागत योग्य है। गुंजन यादव ने कहा कि इससे हमारे युवा साथी बड़ी संख्या में उद्यमी बनेंगे। वहीं, इससे रिसर्च और स्टार्टअप को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के जरिए 3 करोड़ बहनों को करोड़पति बनाने का भी संकल्प सराहनीय और क्रांतिकारी है।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --13/2023-24**

Sealed Quotations are invited for the work **Renovation of C.M. House (Ground Floor) Office Building situated near main Gate and Roof of Barrack (Special Branch) at Kanke Road, Ranchi (Jharkhand)** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 10-02-2024 के अपराह्न 3:30 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 12-02-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने तिथि : 18-02-2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(4) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 19-02-2024 अपराह्न 3:30 बजे।
(5) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(6) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 0651–2360121
(7) कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
नोट : जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्हीं का रेट खोला जायेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 317708 (Building) 23-24 (D)

## केंद्रीय बजट स्वागतयोग्य, अंतिम व्यक्ति का होगा विकास : जटा शंकर पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. जटा शंकर पांडेय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने स्वागत योग्य बजट पेश किया है। इस बजट में देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट से देश विश्वगुरु के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा।

## बजट उत्साहवर्धक : अभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चौम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बजट को उत्साहवर्धक बताया। उन्होंने कहा की बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट संसद में पेश की। उन्होंने कहा की कर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है, पर्यटन केंद्रों का व्यापक विकास, तीन रेल करिडोर का शुभारंभ, 40 हजार नर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा। देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का अर्डर दिया गया है। 517 नए हवाई मार्ग तय किए गए, जमशेदपुर समेत कोल्हान को इससे उम्मीद बढ़ गई है। छोटे शहरों में मेट्रो का विस्तार समेत कई निर्णय बजट में पेश किये गए है। उन्होंने कहा की भारत मे एक नई क्रांति और परिवर्तन पिछले एक दशक में आई है। विकसित भारत का लक्ष्य, विश्व गुरु बनने का लक्ष्य एवं आत्मनिर्भर भारत बनने का लक्ष्य इन तीनो लक्ष्य के प्रति पूर्ण स्पर्धा और गति के साथ भारत आज आगे बढ़ रहा है।

# दिनदहाड़े युवक को गोली मारी, मौत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


सिटी एसपी मुकेश लुणावत घटनास्थल पर व इनसेट फोटो में मृतक राजा सिंह।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में 24 घंटे के अंदर आज दिन दहाड़े हत्या हो गई। मानगो को पोस्ट ऑफिस रोड में दिनदहाड़े अपराधियों ने दौड़ा-दौड़ा कर राजा सिंह नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। राजा सिंह वैकुंठ नगर, मानगो का रहने वाला था। अपराधियों ने राजा सिंह का उस समय पीछा किया जब पोस्ट ऑफिस रोड से वह अपने घर लौट रहा था।

इसी बीच बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उसको रोका। लड़कों को देखकर राजा सिंह भाग कर एक लेडिस कॉर्नर में घुस गया। अपराधियों ने लेडिस कॉर्नर में घुसकर उसे गोली मार दी। गोली राजा के सिर में लगी है वहां से उसे टीएमएच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा बरामद किया है और अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। हमलावरों की पहचान पुलिस ने कर ली है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह अपराधियों ने राजा सिंह को दौड़ा दौड़ा कर गोली मारी।

हमलावरों में निसार अहमद उर्फ निशु, प्रदीप सिंह का भाई प्रवीण सिंह उर्फ छोटू और राहुल राय शामिल है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गया घटना के बारे में बताया जाता है कि पिछले वर्ष भुइयाडीह स्वर्णरेखा घाट के समीप अमरनाथ सिंह गैंग के प्रदीप कुमार की गोली मारकर हत्या की गई थी।

इस हत्याकांड में राजा सिंह का भी नाम आया था। आशंका जताई जा रही है कि उसी का बदला लेने के लिए यह हत्या की गई है। बता दे एक दिन पूर्व भी अपराधियों ने टकलू लोहार, नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

टकलू की हत्या से राजा सिंह की हत्या को जोड़ा जा रहा है। बताया जा रहा है कि राजा कुमार का टकलू से अच्छी दोस्ती थी। पहले बदमाशों ने टकलू को रास्ते में हटाया और फिर राजा को अपना निशाना बना दिया। राजा कुमार के बारे में पुलिस का कहना है कि मांगो थाने से उसे ब्राउन शुगर की बिक्री करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके अलावा भी उसका कोई अपराधी के इतिहास है इसकी पड़ताल की जा रही है। राजा और टकलू लोहार हत्याकांड में गौर करें कि दोनों का नोटिस एक जैसा ही लग रहा है टकलू को भी दिनदहाड़े हत्या की गई और उसी तरह राजा कुमार की भी दिनदहाड़े हत्या कर दी गई।

पूरे मामले में सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणावत का कहना है कि राजा हत्याकांड में एक बात सामने आई है कि घटना में बाइक सवार दो बदमाशों का हाथ है। राजा पूर्व में एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है रही बात टकलू हत्याकांड से इसका कोई लिंक है अथवा नहीं इसकी जांच की जा रही है।

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – **DOPR/DE/KHUNTI/28/2023-24**

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | एस0एस0बी0 कैम्प, हूँठ में उपलब्ध अधिकारी आवास एवं अतिथि आवास में फर्श मरम्मति कार्य। | 24,41,134.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03.02.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथि :– 17.02.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनालाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.02.2024 के अपराह्ण 03:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.02.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरुप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.317662 District(23-24):D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
(जिला निर्वाचन शाखा)

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु ई–निविदा की शर्तों में आंशिक संशोधन।

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्री/सेवा के लिए प्रकाशित ई–निविदा संख्या SMD/DEO/001, SMD/DEO/002, SMD/DEO/003, SMD/DEO/004, SMD/DEO/005, SMD/DEO/006 एवं SMD/DEO/007 दिनांक 22.01.2024 जिसका PR NO- PR 316750 में निम्नवत अल्प संशोधन किया जाता है :–

| शर्त संख्या | पूर्व में निर्धारित शर्त | संशोधित शर्त |
|---|---|---|
| 02 का III | अद्यतन जी0एस0टी0 स्वच्छता प्रमाण पत्र (GSTR 3 B Return) | निविदादाता का तकनीकी बीड वाले लिफाके में GST/GST 3B/GSTR CMP- 08/ बिक्री कर/सेवाकर के निबंधन, अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 12/13 | (L-1) दर पाए गए आपूर्तिकर्त्ता का कार्यादेष निर्गत हेतु जिला क्रय/निविदा समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा। पूर्णतः/अंषतः स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/जिला क्रय/निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा। | BOQ के आधार पर (L-1) दर पाए गए आपूर्तिकर्त्ता का कार्यादेष निर्गत हेतु जिला क्रय/निविदा समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा। पूर्णतः/अंषतः स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/जिला क्रय/निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा। |

अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
सिमडेगा।

PR 317719 Election(23-24)D

# अलग देश की बात

**कां**ग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा के नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश की मांग करने के लिए मजबूर होने के बयान पर पार्टी का रूख साफ कर दिया है। राज्यसभा में खड़गे ने कहा कि अगर कोई देश को तोड़ने की बात करेगा, तो हम इसे कभी सहन नहीं करेंगे। चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। मैं खुद कहूंगा कि कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक हम एक हैं और एक रहेंगे। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश के दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग के बयान से पैदा विवाद पर कांग्रेस घिरी नजर आ रही है। इसे पूरे मामले पर बीजेपी ने सख्त रवैया अपनाया और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कल कांग्रेस के इस सदन के सदस्य और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री के भाई डीके सुरेश ने बजट पर बात करते हुए देश के विभाजन की बात की है। कांग्रेस के नेता ने संविधान का भी अपमान किया है। देश के विभाजन की कांग्रेस की परंपरा बरकरार है। कांग्रेस को इस पर स्पष्टीकरण देकर देश से माफी मांगनी चाहिए। जोशी ने कहा कि कांग्रेस बताए कि क्या वो इस बयान के साथ हैं। निश्चित ही दक्षिण भारत के राज्यों ने तेज आर्थिक विकास किया है लेकिन इसमें पूरे देश का योगदान है। दबे स्वर में कई बार भ्रष्ट राजनेताओं ने इस संवेदनशील मुद्दा को कभी भाषा से जोड़कर तो कभी आर्थिक मसलों से जोड़कर टिप्पणी करते रहें हैं। यह एक शर्मनाक बात है। राजनीतिक महत्वकांक्षा बड़ी होना अलग बात है लेकिन देश का संवैधानिक ढांचा इस तरह बुना गया है कि जो राज्य आर्थिक विकास न कर सके उन्हें अधिक मदद कर सामर्थ्ययुक्त बनाया जाए। निश्चित ही अलग देश की बात करना किसी भी दृष्टिकोण से गलत और असंवैधानिक है।

# न्याय में विश्वास

**दे**श की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के सात दशक बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने के लिये न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियों के मुद्दे की ओर भी ध्यान खींचा। साथ ही उन्होंने वंचित समाज के लोगों को न्यायिक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व दिये जाने की जरूरत बतायी। जिला न्यायपालिका में महिलाओं की 36 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित हुई है। जो कालांतर में शीर्ष स्तर पर लैंगिक समानता की राह बनायेगी।

# वैदिक जगत और ज्ञान

विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**बुद्ध** ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वैदिक जगत के विभिन्न तत्वों की पुष्टि की है। इनमें हैं कई स्वर्ग, नरक और देव, असुर और राक्षस जैसी पराशक्तियां। बुद्ध ने अपनी दैवीय दृष्टि से इन प्राणियों और लोक को देखने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि किस तरह भावुक प्राणी देह बदलने की प्रक्रिया में अस्तित्व के इन विभिन्न रूपों से गुजरते हैं। इसलिए बुद्ध ने इसे वैदिक ब्रह्मांडीय भूगोल समझा, जहां ये सभी प्राकृतिक और अलौकिक प्राणी रहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जगदला मठ के एक बौद्ध महंत ने बुद्ध पर 30 श्लोक लिखे, जबकि शिव पर 73 और विष्णु पर 40।

दार्शनिक और मानव विज्ञानी आश्चर्य करते हैं कि एक बौद्ध ग्रंथ में शिव और विष्णु क्या कर रहे हैं। न ही वे यह बता सकते हैं कि वैदिक देवता किस तरह महायान का हिस्सा हैं। उनके ग्रंथों में एक बौद्ध के रूप में जापान और चीन के वैदिक देवों का बेतुका वर्णन है। कथाओं के मुताबिक जब बुद्ध ने उपदेश देना शुरू किया तो वे उसके अनुयायी बन गए। महायान परंपरा में बुद्ध ज्ञान का सिद्धांत हैं, जो वैदिक खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। इसका सबसे सशक्त रूप हमें लोटस सूत्र या सद्धर्म पुंडरिका सूत्र में दिखता है। अलग-थलग रहते हुए कश्मीरियों ने अपने बहुत से पुराने रिवाजों को बचाए रखा है। हालांकि उनके हाल के इतिहास के चलते कई समारोहों का अर्थ खो गया है। उदाहरण के लिए, हमें अस्तित्व की छह मनोवैज्ञानिक स्थितियों के बारे में बताया गया है। यहां सबसे निचली तीन स्थितियों के प्रतिनिधि हैं, बुरे लोगों के विचार, अधूरी इच्छाओं के भूत और हमारा पशु स्वभाव।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## जीवन बचाने के लिए

**अत्याधुनिक** सुरक्षा प्रणाली से लैस 129 वाहनों को सड़कों पर उतारे जाने का कदम न सिर्फ स्वागतयोग्य है अपितु अनुकरणीय भी है। इसी तर्ज पर ऐसी व्यवस्था सभी राज्यों को यथाशीघ्र लागू करने पर विचार करना चाहिए। वहीं हादसों में घायल हुए लोगों को समय रहते अस्पतालों में पहुंचाए जाने से हताहतों की संख्या भी नियंत्रित होगी।

**– ईश्वर चन्द गर्ग, हजारीबाग**

## जाग्रत विपक्ष

**देश** के लोकतंत्र को जरूरत है एक मजबूत और जाग्रत विपक्ष की। मौजूदा समय में सरकार के खिलाफ विरोध करने वाले की आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है, मगर वही बात विपक्ष दल करे तो उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। देश को आवश्यकता है सशक्त विपक्ष की जो आम जनता के सही विषयों पर चर्चा करे। इसके लिए जानकार लोगों की जरुरत है।

**– आकाश सिन्हा, रांची**


# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ न्याय

**भारत** ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों दी देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है। अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाए तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है।

1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें।

भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में उभर रहा है।





**- आरके सिन्हा**

> भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है।

भारत को दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्मनिर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4.7%) और चीन (4.7%) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है।

चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया।कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि "क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो । उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो।" भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत बनाया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। विगत वित्त साल भारत ने 16 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया है, जिसमें सैन्य हार्डवेयर यानी गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं। यह पिछले साल से करीबन तीन हजार करोड़ रुपये अधिक है और पिछले नौ वर्षों में सबसे अधिक और 2014 से 23 गुणा है।

अब जानेंगे कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 क्यों पेश किया? इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। तो, अंतरिम बजट क्या है और इसे 2024 में पूर्ण बजट के बजाय क्यों पेश किया जा रहा है। क्या होता अंतरिम बजट है? दरअसल जिस साल देश में लोकसभा चुनाव होने होते हैं, उस वर्ष के दौरान मौजूदा सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं कर सकती है। इसी वजह से वित्तमंत्री अंतरिम बजट पेश करते हैं जो अल्पकाल के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व की रूपरेखा तय करते हैं। अंतरिम बजट तब तक के लिए होता है जब तक देश में नई सरकार चुनी नहीं जाती। यह तो मानकर चलिए जब देश का पूर्ण बजट पेश होगा तब भी रक्षा क्षेत्र के साथ न्याय ही होगा।

खास बात

## नये भारत का अणुव्रत सूर्योदय

**ललित गर्ग**

**दुनिया** का पहला नैतिक आंदोलन है जो इतने लम्बे समय से इंसान को इंसान बनाने में जुटा है। यह अशांत विश्व को शांति की जीवनशैली का अनूठा उपक्रम है। 1 मार्च, 1949 - अणुव्रत आंदोलन के प्रवर्तन यानी स्थापना का ऐतिहासिक दिन है। 72 वर्ष पूर्व आजाद भारत को असली आजादी अपनाने के संदेश के साथ आचार्यश्री तुलसी ने अणुव्रत के रूप में इसका राजमार्ग भी सुझाया था। आचार्यश्री तुलसी द्वारा प्रदत्त अणुव्रत का यह दर्शन आज विश्व दर्शन के रूप में प्रस्थापित हो चुका है। 21 वीं सदी के दूसरे दशक का समापन कोरोना वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ हुआ है। ऐसी त्रासदी जिसने इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर किया है। इसी बदलाव की चैखट पर अणुव्रत आन्दोलन एक ऐसी जीवनशैली लेकर प्रस्तुत हो रहा है, जिसे अपनाकर मानवमात्र स्व-कल्याण से लेकर विश्व कल्याण की भावना को चरितार्थ करने में सक्षम हो सकेगा।

अणुव्रत आंदोलन के बहत्तर वर्ष की लंबी यात्रा का एक उजला इतिहास है, यह नये भारत के सूर्योदय का प्रतीक है। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के एक कठिन प्रयास को लेकर यह मिशन राष्ट्र की हर समस्या को छूता हुआ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंचों तक पहुंचा। एक सम्मानजनक मान्यता अणुव्रत आंदोलन को मिली। इसकी आवश्यकता को साधारण व्यक्ति से लेकर शिखर तक सभी ने स्वीकारा। अणुव्रत के प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसी और उनके बाद के अनुशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण ने पूरे राष्ट्र एवं पडौसी देशों की अनेक पदयात्राएं कीं एवं चैपालों से लेकर राष्ट्र के सर्वोच्च मंचों तक मनुष्य को मनुष्य बनने के लिए सार्थक एवं प्रभावी उपक्रम किये। नैतिक मूल्यों की गिरावट तथा मनुष्य की दुष्प्रवृत्तियों पर बराबर प्रहार करते रहे। तीनों ही आचार्यों ने अपने संघ तथा संप्रदाय से ऊपर उठकर सर्वधर्म समन्वय ही बात को प्राथमिकता दी। धर्म और धर्म निरपेक्षता की सही परिभाषा दी।

**अब** बातों में नहीं, सीधे खातों में पहुंचता है धन!

सपने नहीं हकीकत बुनते हैं,

तभी तो सब मोदी को चुनते हैं।

**-निशीकांत दूबे, सांसद गोड्डा**

## आपके ट्वीट

**जोहार !**

झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया। दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार राज्य की आम जनता के हित में काम करती रहेगी।

**– चंपाई सोरेन, सीएम झारखंड**





**आत्मनिर्भरता** की पहली शर्त है- अपने देश की चीजों पर गर्व होना।

जब प्रत्येक देशवासी इससे जुड़ता है, तो आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक आर्थिक अभियान न रहकर एक राष्ट्रय उदेश्य बन जाता है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# बढ़ते तेल के मूल्य पर मोदी अड़े रहेंगे क्योंकि...

**एनके मुरलीधर**

आर्थिकी

बजट को लेकर मध्यम वर्ग कोकुछ विशेष हाथ नहीं लगा। वैसे यह बजट अंतरिम था मूल बजट 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद नयी सरकार प्रस्तुत करेगी। यह एक विरोधभाष है कि सरकार लॉजस्टिक का दाम कम करना चाहती हैलेकिन पेट्रोलियम पदार्थ के मूल्यों को कम नहीं करती कर अधिकतम रखा हुआ है। ऐसा देश की सभी सरकारें करती आ रही हैं। राज्य भी ऐसे कर को पसंद करती है जैसे बिहार राज्य में पेट्रोलियम मूल्य झारखंड और यूपी सहित कई राज्यों से अधिक है।

परंतु हमें चार आसान तथ्यों की एकदम अनदेखी नहीं करनी चाहिए। निश्चित तौर पर ऐसा इसलिए कि अर्थशास्त्री जानते हैं कि इस मसले पर ये तथ्य विपक्ष के साथ नहीं हैं। उन्हें पता है कि इस विषय पर सरकार का रुख एकदम सही है।

जिन चार तथ्यों को स्मरण करना आवश्यक है वे इस प्रकार हैंः

पहला, यह एक प्रवृत्ति रही है जिसके तहत हर 10 वर्ष में भारत में पेट्रोल की कीमतें दोगुनी हो ही जाती हैं। आप चाहें तो स्वयं इसकी पड़ताल कर सकते हैं।

दूसरा, बीते 50 वर्ष से अधिक समय में कराधान की दर (पेट्रोल के मामले में उत्पाद शुल्क) 48 फीसदी की नीची और 58 फीसदी की ऊंची दर के बीच ही रही है। इस दर में केंद्र की हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से 40 प्रतिशत के करीब स्थिर बनी रही है।

तीसरा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों ने हमेशा से पेट्रोलियम करों का इस्तेमाल अपना राजस्व बढ़ाने में किया है। इसका कारण यह है कि इसकी मांग हमेशा बनी रहती है और इसके बिना काम चलना मुश्किल है। निश्चित तौर पर यह व्यवहार सार्वजनिक वित्त के निर्धारक तत्त्वों में से एक है। दुनिया में कुछ ही ऐसे देश हैं जहां पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी भरकम कर नहीं लगाया जाता है। अमेरिका में यह शुल्क अत्यंत कम है और वह कोई उदाहरण नहीं पेश करता। जहां तक चीन की बात है तो चीन जो कुछ करता है वह केवल वही जानता है। चौथी बात, सन 1947 के बाद यह चौथा अवसर है जब पेट्रोल की कीमतें इतनी तेजी से बढ़ी हैं। हर बार प्रतिक्रिया ऐसी ही रही है और जमकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पहला मौका सन 1973 में आया था जब पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक ने प्रति बैरल तेल कीमतें चार गुना कर दी थीं। दूसरा मौका इसके छह वर्ष बाद यानी ईरान की क्रांति के बाद सामने आया। तीसरा अवसर था सन 1990 जब सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर आक्रमण किया। चौथी बार ऐसा मौका तब आया जब सन 2003 में अमेरिका ने इराक पर चढ़ाई की। हर बार जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ तब-तब इसका मुखर विरोध भी देखने को मिला। कीमतें बढ़नें के बाद कुछ महीनों तक खपत में कमी देखने को मिली लेकिन इसके बाद उसमें वापस इजाफा हो गया और खपत तब तक बढ़ती रही जब फिर से इसकी कीमतों में इजाफा नहीं हो गया। रहस्य की बात यही है कि आखिर हम आयात पर कर लगाने के लिए विनिमय दर का इस्तेमाल क्यों नहीं करते। शायद ऐसा कदम राजनीतिक रूप से अलोकप्रिय साबित होगा।

यह कहने में कोई संशय नहीं कि एक ऐसी वस्तु पर कर नहीं लगाना नितांत बेवकूफाना होगा जिसकी मांग मूल्य निरपेक्ष है। यानी कीमतें चाहे जितनी हों, उसकी मांग और उसकी खपत में कभी कमी नहीं होती। 2070 में शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता के कारण अब वैकल्पिक उर्जा की ओर तेजी से बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। तेल लॉबी को दरकिनार कर मूल्य कम किया जाए।

# क्या यह अंतरिम बजट मोदी की गारंटी वाला बजट है?

आर्थिकी

केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नये कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं।

केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न होङ्क इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की है। कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर चरही प्रखंड में जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइंया



**चरही।** चुरचू प्रखंड के कासियाडीह,कमार्बेडा,फुसरी, चरही ,चुरचु ,बाली ,बिनकरवा आंगो ,इंद्रा ,जरबा ,हेंदेगढ़ा सहित पूरे चुरचू प्रखंड में समाजसेवी आनंद सोरेन,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा और चरही पंचायत के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन के नेतृत्व में चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयां बांटी। झामुमो के वरिष्ठ नेता नीलकंठ महतो के नेतृत्व में चरही चौक में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ रैली निकाली। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा जेल भेजे जाने के विरोध में जमकर कर केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाये। मौके पर कार्यकताओं द्वारा शिबू सोरेन जिंदाबाद ,हेमंत सोरेन मत घबराना तेरे पीछे सारा जमाना, चम्पाई सोरेन जिंदाबाद ,केंद्र सरकार होश में आओ का नारा लगा रहे थे।इस अवसर पर समाजसेवी आनंद सोरेन ,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा,मुखिया संझली मुर्मू ,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,चुनुलाल हंसदा,बिशुन मुर्मू, प्रकाश टुडु ,रूबी हेम्ब्रोम,लजरुष सोरेन,सितामुनि मुर्मू ,प्रकाश,दिलीप टुडू ,संजय सोरेन, द्रविड़ सोरेन,अनूप तिग्गा,ताहाराम हेम्ब्रोम, ब्रजेश सोरेन, राजू ,समिर ,सूरज ,अजित, अतीत ,आशीष ,दिलीप सोरेन, पिंकी बेसरा ,प्रवीण,सुखराम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## चंपई के नेतृत्व में राज्य का होगा विकास : बिनोद



**बरही।** चंपई सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह बरही विधानसभा प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा ने बधाई दी है।

साथ ही राज्यपाल के प्रति भी आभार जताया है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने से झारखंड में तेजी से विकास होगा। श्री विश्वकर्मा ने आरजेडी कोटा से सत्यानंद भोक्ता और कांग्रेस की ओर से आलमगीर आलम के मंत्री पद की शपथ लेने के लिए भी दोनों को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा की यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। बधाई देने वाले में राजेन्द्र स्वर्णकार, जगदीश सिंह, मनोज केशरी, 20 सूत्री सदस्य विवेक विश्वकर्मा, संजय रविदास, मजनू आदि शामिल हैं।

# गोंदलपुरा खनन : पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्राम सभा आयोजित

### ज्यादातर ग्रामीण परियोजना के समर्थन में हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने महुगाई कला पंचायत में ग्राम सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी मे सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज (क्रेडल) के सलाहकारों ने परियोजना के भू-अर्जन के कारण होने वाले संभावित विस्थापितों और परिवारों के लिए बनी पुनर्वास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसे हजारीबाग के समाहर्ता सह प्रशासक ने तैयार किया है।

यह योजना भूमि अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के अधीन है। ग्राम सभा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे, जिनमें से ज्यादातर ग्रामीण जहां एक और परियोजना के समर्थन में थे, वहीं कुछ ग्रामीणों ने अपने पुनर्वसन और मुआवजे पर अपना मतभेद भी सामने रखा।इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारियों ने ग्रामसभा का संचालन किया और ग्रामीणों के निवेदनों को दर्ज किया। मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बजट को सराहा



**बरही।** धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट को सर्वांगीण विकास का बजट बताया। कहा कि बजट में 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य है। वह साफ तौर पर परिलक्षित हो रहा है। कहा कि सरकार गरीबी हटाने के लिए काम कर रही है। सरकार ने चुनौतियों को डटकर सामना किया है। ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं को लागू किया है। हर घर जल नल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद की गई है। किसानों को सशक्त बनाने पर जोर दिया है। 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लखपति दीदी योजना को विस्तारित किया गया है।

## दारू : दुष्कर्म के आरोपी को जेल

**दारू।** दारू थाना में बलात्कार केस मामले के अभियुक्त अजय कुमार पिता दिनेश्वर महतो ग्राम बेडमक्का थाना टाटीझरिया को गिरफ्तार कर शुक्रवार को केंद्रीय कारागार हजारीबाग भेजा गया । दारू में पीड़िता पूजा कुमारी (बदला हुआ नाम) जरगा निवासी थाना दारू ने अजय कुमार के खिलाफ 6 जनवरी को बलात्कार का मामला दर्ज कराया था । आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया जिसका कांड संख्या 01/2024 है । अभियुक्त अजय कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को झुमरा से गिरफ्तार किया गया, जिसका मेडिकल जांच करा कर जेल भेज दिया गया।

## नव दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 26 से



**रामगढ़।** श्री श्री नवदुर्गा मंदिर विकास नगर जारा टोला रामगढ़ के प्रांगण में शुक्रवार को श्री श्री नव दुर्गा मंदिर समिति के सदस्यों की हुई बैठक। बैठक में श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मीनारायण जी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के भव्य आयोजन के विषय में चर्चा की गई। यह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 26 फरवरी से शुरू होकर 01 मार्च को श्री श्री नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सम्पन्न होगी।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को सफल करने के लिए लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि इस भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य संरक्षक सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक सुनीता चौधरी होंगी। इस समारोह के मुख्य यजमान सिविल अभियंता (इंजीनियर) दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सभी निर्माण कार्य वास्तु शास्त्र के अनुसार किया गया है। लोगों के प्रवेश एवं स्वागत हेतु नौ तोरण द्वार का निर्माण किया जा रहा है। इन द्वारों का नामकरण इष्टदेवों एवं विभिन्न धर्मो के महापुरूषों के नाम पर किया गया है। श्री श्री नव दुर्गा मंदिर समिति की ओर से मंदिर के मुख्य पुजारी अनुज पांडेय द्वारा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य यजमान दीपक सिन्हा, अध्यक्ष योगेंद्र ओझा, सचिव ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्षः अरुण राय, संरक्षक रविकांत कुशवाहा, सह सचिव सदन महतो, सह कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, हरेंद्र राय, हरेंद्र कुमार सिंह, मुकेश यादव, बसंत महतो, राहुल पासवान, रामचंद्र सिंह, पंडित अनूप पाण्डेय, नवल किशोर शर्मा, अमरेंद्र कुमार सिंह, जगरनाथ महतो, मुन्ना रजक, सतेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, दीपू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## नारी शक्ति के उत्थान को समर्पित है बजट : ममता



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह निवासी सह महिला नेत्री ममता देवी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अंतरिम बजट देश के गरीबों युवाओं, किसानों और नारीशक्ति के उत्थान को समर्पित किया है। केंद्र सरकार ने गरीबों को गरीबी से मुक्ति, देश के युवाओं को रोजगार, किसानों के आय में वृद्धि और नारी शक्ति के उत्तरोत्तर विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया है। साथ ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्तमंत्री ने यह भी आह्वान किया कि यह गारंटी का बजट है। अंतरिम बजट समाज के सभी वर्गों के लोगों की उम्मीद पर खरा उतरेगा। बजट में 3 करोड़ महिला लखपति दीदी बनाने का भी लक्ष्य रखा गया।

# बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा प्ले स्कूल : रोशनलाल चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

- अनमोल बचपन प्ले स्कूल व एसएससी कोचिंग का धूमधाम से मना स्थापना दिवस
- एसएससी के 600 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर कोयलांचल का बढ़ाया है मानः अवधेश सिंह




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अनमोल बचपन प्ले स्कूल का 5वां और एसएससी कोचिंग सेंटर का 15वां स्थापना दिवस शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मुखिया व्यास पांडेय, आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा व कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

निदेशक अवधेश सिंह ने केक काटकर अपना जन्मदिन भी मनाया। साथ ही बच्चों ही उपस्थित लोगों के बीच मिठाई व चॉकलेट बांटकर जन्मदिन की खुशियां बांटी। स्थापना दिवस पर बच्चों के लिए बैलून, पोटैटो, पेपर चेंज, पजल, पजल सेटिंग, सुई-धागा, बलून ब्लास्ट, स्पून आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वहीं अभिभावकों के लिए भी कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के सफल बच्चों व अभिभावकों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा की यह विद्यालय देश के नौनिहालों का भविष्य संवारने में जुटा है, जो की सराहनीय कार्य है। उन्होंने पढ़ाई पर जोर देते हुए कहा की शिक्षा के बीना बेहतर जीवन व समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कहा की भुरकुंडा का यह पहला प्ले स्कूल निश्चित रूप से बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। नन्हे-मुन्ने बच्चों को पढ़ाना और इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनके बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास को भी बढ़ावा देगा। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कोचिंग व स्कूल के स्थापना दिवस व अपने जन्मदिन के मौके पर घोषणा करते हुए कहा की इस सत्र में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों के नामांकन में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। साथ ही मात्र 500 रूपया महीना में नर्सरी से पांचवीं तक की उच्च शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत लड़कियों की शिक्षा के लिए कई सुविधाएं व छूट दी जायेगी। यह सुविधा 10 फरवरी तक दी जाएगी। निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि 2008 में प्रतियोगिता कोचिंग के लिए एसएससी का स्थापना किया था। इसका मुख्य उद्देश्य भुरकुंडा जैसे क्षेत्र में वैसे बच्चे जो पैसे के अभाव में बाहर नहीं पढ़ पाते थे उनके लिए यह मिल का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने बताया की अब तक इस संस्था के करीब 600 छात्रों ने सफलता हासिल की है, जो कोयलांचल के लिए गर्व की बात है।

## स्पीड न्यूज

### चंपई को डॉ आशीष ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चंपई सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने बधाई दी है। उन्होंने कहा की चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने से झारखंड में तेजी से विकास होगा। श्री कुमार ने राजद कोटा से सत्यानंद भोक्ता और कांग्रेस की ओर से आलमगीर आलम को मंत्री बनने पर दी बधाई। बधाई देने वाले में कुमार, राहुल सिंह, सुमित कुमार, सोमरा मुंडा, मधु बाउरी, बलराम कुमार, मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक आदि शामिल हैं।

### गारंटी देने वाला बजट : शशिकांत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेता शशिकांत सिंह ने कहा कि बजट में लोक लुभावने वायदों से परहेज किया गया है। आत्मनिर्भर भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो पाए इस बात का ध्यान रखते हुए टैक्स के स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरिम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को गारंटी देने वाला बजट है। परफार्म, रिफार्म, ट्रांसफार्म के जरिए देश का विकास होगा। इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। निमित्त पर्यटन के क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कारीडोर बनेंगे जिससे राज्यों के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार का सृजन होगा। साथ ही गति शक्ति को बढ़ावा देने के लिए सड़कों का निर्माण, रेलवे, बंदरगाहों, एयरपोर्ट और विमानन क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

### सर्वस्पर्शी है बजट : सीपी चौधरी



**रजरप्पा।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस बजट से युवा, किसान, महिला और गरीब को फायदा मिलेगा। अवसंरचनात्मक विकास, महिला सशक्तीकरण व गरीबों और युवाओं के लिये अधिक अवसर देने को केंद्रित इस बजट के लिये एक बार पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण का हार्दिक अभिनंदन।

### बजट से बढ़ेगी महंगाई : अरूण सिन्हा



**रामगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि बजट में आम लोगों के लिए कुछ भी नही है। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट में देश के युवा, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ भी प्रावधान नही किया गया है। बजट में केवल कॉरपोरेट घरानो के हितों का ख्याल रखने पर ध्यान दिया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस अंतरिम बजट से देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोगों को देश को विकसित करने के सपने दिखा रही है । लेकिन बढ़ते राजकोषीय घाटे को कम करने पर बजट में कोई भी ध्यान नही दिया गया है।

### रजरप्पा में लगा आधार शिविर



**रजरप्पा।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर पूर्वी पंचायत में आधार शिविर का आयोजन किया गया। 5 वर्ष तक की आयु के 78 बच्चों का आधार पंजीकरण किया गया।

### विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर परिचर्चा



**रामगढ़।** विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में नमामि गंगे योजना के तहत परिचर्चा हुई। नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व आर्द्र भूमि दिवस का थीम आर्द्रभूमि एवं मानव कल्याण निर्धारित है। आर्द्र भूमि का मतलब किसी भी वैसे क्षेत्र से हैं जहां स्थाई, अस्थाई अथवा मौसमी रूप से जल जमाव रहता है। मौके पर उन्होंने आर्द्रभूमि चिन्हित होने पर संबंधित जल स्रोत के संरक्षण एवं विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने सभी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर उनके द्वारा किसी जल स्रोत को आर्द्रभूमि के रूप में चिन्हित करने के उपरांत संबंधित स्रोत के संरक्षण एवं उसके विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि रामगढ़ जिले में भी एक आद्र भूमि को नोटिफाई करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है जोकि गिद्दी ए कोलियरी क्षेत्र में मीनिंग कोलपीट है। मौके पर उन्होंने सभी से आर्द्रभूमि के महत्व को समझते हुए उनके संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक कर विभिन्न माध्यमों से इन कार्यों में अपना योगदान देने की अपील की।

## एक नजर में

### विधायक ने तीन सड़कों का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा ।** विधायक कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र में तीन विशेष मरमती सड़क कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इनमें सलैया मोड़ से महुआटांड पथ, लेबड़ा जमुआ से बुचई और गैयपहाड़ी से झिंगीबराय रोड बरही के डपोक सिमाना तक सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सड़क मार्ग और आवागमन की बेहतर सुविधा होने से होती है। भूमि पूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, कलावती देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, इंद्रदेव यादव, छोटेलाल मेहता, जागेश्वर महतो, टिंकू प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, रीतलाल चौधरी, झब्बू चौधरी, अनिल आजाद, राजकुमार साव, जीवन यादव, विजय यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

### तरवाटांड़ में शिव मंदिर निर्माण को लेकर बैठक



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के तरवाटांड़ के बड़कीधसना में शनिवार को शिव मंदिर निर्माण को लेकर बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से गाल्होवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, पूर्व मुखिया डॉ० रितलाल महतो, पुजारी ढालेश्वर महतो, पुजारी बिगन दास सहित कई लोग उपस्थित हुए। बैठक में डॉ. रितलाल महतो एवं पुजारी ढालेश्वर महतो ने बताया कि यहां सौ वर्ष पूर्व से पूजा अर्चना किया जाता रहा है। पुजारी ढालेश्वर महतो के पिता टेको महतो पूजा करते थे. 1975 के बाद पुजा पाठ ढालेश्वर महतो करते आ रहे हैं। 2018 में लूगू छरछरिया से एक बाबा आया और उन्होंने कहा कि यहां देवी देवता का बास है और उस दिन से तीन महीनो तक तपस्या कर पूजा पाठ कर यहां रहे हुए थे। शिव और माता पार्वती , वर पेड़ में मां मनसा देवी के प्रतिबिंब है। साथ ही सभी पत्थरों और चट्टानों में देवी देवताओं का रुप दिखाई पड़ता है। उस दिन से पूजा- पाठ की मान्यता है। 2019 में अम्बेडकर बस्ती से बिगम दास भी दिन रात 9 दिन भूखे प्यासे रहकर माला जाप कर तपस्या किए और भक्ति के आस्था में डूबे रहे। उसके तीसरी पलक में भगवान शिव और माता पार्वती जी की दर्शन पाया। उस दिन पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया। पैसों की अभाव से यहां मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया। सौ वर्षों के बाद ग्रामीणों में सहमति और आस्था जगी जिससे शिव मंदिर का निर्माण किया जाना है। मंदिर के निर्माण के लिए चंदा और सहयोग राशि के लिए लोगों से अपील की गयी हैं।

### श्रमदान से कई सड़कों की हुयी मरम्मत

**बरकट्ठा ।** मानव विकास के तत्वावधान में गूंज संस्था के सहयोग और ग्रामीणों के श्रमदान से प्रखंड के ग्राम मेरमगड्डा में दो तालाब, और एक रोड की मरम्मत, डुमरडीहा में रोड मरम्मत, ग्राम धोबारी के टोला लसकरी में चेकडैम का निर्माण, ग्राम लगनवा के झंडवाटांड टोला में रोड मरम्मत और ग्राम गोरहर के सिमरातरी टोला में कच्चे रोड की मरम्मत की गई। श्रमदान करने वाले ग्रामीणों को गूंज के सहयोग से मानव विकास केंद्र ने उपहार के तौर पर कंबल और ऊनी कपड़ों का एक एक किट वितरण किया। संस्था मानव विकास के सचिव बीरबल प्रसाद ने ग्रामीणों को अपने गांवों के उत्थान के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। किट वितरण में संस्था कर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, अंजु देवी, दुर्गा सिंह, रोहित टुडू शामिल थे।

### बालिका उच्च विद्यालय में प्रगति पत्र वितरित



**विष्णुगढ़।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल बालिकाओं के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के द्वारा मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कई प्रकार के टिप्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रैक्टिस करनी चाहिए। प्रतिदिन प्रेक्टिस करने से छात्रों में परीक्षा का डर समाप्त हो जाता है। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर देश में विद्यार्थियों के टेंशन को कम करने के अनेक उपाय सुझाए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पढ़ने तथा धैर्य के साथ परीक्षा लिखने की सलाह दी है। इस शैक्षणिक वर्ष में इस विद्यालय से लगभग 300 बालिकाएं मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों तथा अतिथियों के द्वारा मैट्रिक बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, राजदेव प्रसाद, अजय कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार, रवि भूषण कुमार, सुनील कुमार, श्रीमती मंजू कुमारी, सुश्री शालिनी गुप्ता, शांति कुमारी, शुभम प्रसाद आशीष समेत कई लोग मौजूद थे।

### झरपो में प्रधानाध्यापक विदाई सह सम्मान समारोह

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झरपो प्रांगण में प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का आरंभ टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ,जीप सदस्य सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ,दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि कार्यकाल में भरपूर क्षेत्रवासियो संग शिक्षक शिक्षकाओं का सहयोग मिला है। विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के अभिभावकों द्वारा भी परिवार के सदस्य जैसा कुशल व्यवहार मिला। मैं इसके लिए अभिभावकों को धन्यवाद देता हूं। साथ हीं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता,जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक ,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, उषा रानी ,एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संदीप पांडेय, वि. प्र.समिति अध्यक्ष बसंत राम ,निर्मल प्रसाद,बद्री भुइंया,प्रेम कुमार, अजीत अग्रवाल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## कोहरा और ठंड से स्कूली बच्चे परेशान

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार कई दिनों से कोहरा और धुंध के कारण आम जनता से लेकर किसान, छात्र-छात्रा व वृद्ध जनों के लिए आफत का बिषय बना हुआ है। देर शाम होते ही सुबह में 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहता है जिस कारण सुबह सुबह विद्यालय जाने वाले बच्चों से लेकर सभी के लिए परेशानी का बिषय बना हुआ है, खासकर छोटे छोटे बच्चे जो सुबह सुबह विद्यालय के लिए दूर दराज क्षेत्रों से जाते है ऐसे में सर्दी खांसी जैसे बीमारी से भी ग्रसित होने लगे है। ऐसे में छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग को मौसम को देखते हुए उचित निर्णय लेने की जरूरत है।

## सत्यानंद भोक्ता को जिला राजद ने दी बधाई

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश में राष्टीय जनता दल के सत्यानंद भोक्ता को पुनः मंत्री बनने पर लोहरदगा राष्टीय जनता दल की और से बधाई दी गई। जिला अध्यक्ष सुनील मेहता के नेतृत्व में मंत्री से मिलकर उन्हें पुस्पगुछा सौप कर बधाई दी और ने कहा की सत्यानंद भोक्ता के फिर से मंत्री बनने से संगठन मजबूत होगा साथ ही कार्यकर्ताओ में जोश मिलेगा। बधाई देने वालो में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, प्रधान महा सचिव सहदेव लोहरा, कयूम अंसारी, कृष्णा तिर्की, दशरथ साहू, सहीम अंसारी आदि शामिल है।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला की एक संयुक्त बैठक आज दिन शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से शहर के पतरा टोली बिजली ऑफिस के समीप रखी गई है। यह जानकारी लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने दी।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी गठन हेतु नामांकन पत्र बिक्री हुए

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमिटी चुनाव को लेकर कुल 12 नामांकन पत्र बिके है। जिसमे सदर पद के लिए परवेज अंसारी, आफताब आलम, इम्तियाज अंसारी, सेकेट्री पद के लिए अब्दुल रऊफ खान, मोजीबुल रहमान, मंसूर अंसारी, शाहजहां अंसारी, नायब सदर के लिए मुमताज अंसारी, महमूद अंसारी, नायब सेकेट्री के लिए मोबारक अंसारी, शकील, अंसारी खजांची पद के लिए खुसरत अंसारी, जुलफान अंसारी ने नामांकन पत्र लिया।

## स्कूल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के नवडीहा टाना स्कूल आवासीय विद्यालय में एक बच्चे द्वारा फाँसी लगाए जाने की घटना के बाद शुक्रवार को प्रबंधन समिति की बैठक प्रभारी कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र उरांव की उपस्थिति में किया गया। बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों, शिक्षकों के संरक्षण विद्यालय को और बेहतर बनाने, विद्यालय के चारदीवारी को उंचा करने, साथ ही विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने पर चर्चा किया गया। जिला के वरीय अधिकारियों को उक्त दिशा में पहल करने की बात कही गयी।

## प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ

**गुमला।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 2 फरवरी को मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला के संयुक्त नेतृत्व में होने जा रहा है। जिसमे क्रिकेट,बैडमिंटन,टेबल टेनिस,चेस,कैरम की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गिरिडीह, चाईबासा,जमशेदपुर, रांची इत्यादि स्थानों से टीम आये हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पंकज साबू, सहसंयोजक शंकर अग्रवाल एवं अक्षय मंत्री नियुक्त किए गए है। इनमे क्रिकेट संयोजक अमित मंत्री, संजीव मालानी, टेबल टेनिस संयोजक सुमित अग्रवाल, चेस और कैरम संयोजक प्रेरणा की सदस्या नियुक्त हुए हैं।

# अपहृत युवक का शव मिलने के बाद भी अपराधी कर रहे हैं परिजनों से फिरौती की मांग

### आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने अपराधियों की दुस्साहस के खिलाफ किया गुमला-जशपुर मार्ग को जाम

**जामकर्ता अपराधियों की गिरफ्तारी की कर रहे थे मांग, थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटा जाम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली निवासी मनोज मिंज का अपहरण के बाद शव मिलने के पश्चात भी अपराधियों के द्वारा उसके परिजनों से लगातार फिरौती की रकम की मांग की जा रही है। अपराधियों के इस दुस्साहस से आक्रोशित परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार को गुमला-जशपुर मुख्य मार्ग को चांदी बाड़ा मांझाटोली के पास घंटों जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों का मुख्य मांग अपराधियों की गिरफ्तारी थी। ज्ञात हो कि 25 जनवरी को सेवानिवृत शिक्षिका



मांझाटोली में आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

मंजूला मिंज के पुत्र मनोज मिंज का अपहरण हो गया था। जिसके बाद उसका शव 31 जनवरी को पोगरा गांव के एक कुंए से पुलिस ने बरामद किया था। परिजनों ने बताया कि मनोज मिंज का अपहरण फिरौती की मांग के लिए किया गया था। जिसमें अपराधी 60 लाख रूपये फिरौती मांग रहे थे। इधर मनोज का शव मिलने के बाद भी अपराधी लगातार फिरौती की रकम को लेकर मनोज की मां के नंबर पर मैसेज भेज रहे हैं। अपराधियों की इस दुसाहस को देखते हुए और पुलिस की कार्यशैली पर अंगुली उठाते हुए परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इधर सड़क जाम की सूचना पर जाम स्थल पहुंचे थाना प्रभारी अमित कुमार ने जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी का अश्वासन दिया और कहा कि हत्याकांड में संलिप्त कोई भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जाम हटाया गया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक गुमला-जशपुर मार्ग जाम रहा। जाम से सड़क के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि मृतक मनोज सिंह का मानसिक स्थिति भी खराब था। वह शादी शुदा था और उसका एक बच्चा भी है। जबकि उसके परिवार में उसके भाई की मौत पहले हो चुकी थी। घर का वह इकलौता चिराग था। उसके मौत से परिजनों की हालत बहुत ही खराब है।

## लापता युवक कुआं से बरामद, इलाके में सनसनी



कुंए में तैरता युवक का शव

**गुमला।** गुमला शहर के बस स्टैंड स्थित कुआं से गुमला पुलिस ने पांच दिनों से लापता युवक 18 वर्षीय स्वदीप तिर्की का शव शुक्रवार को बरामद किया। मृतक युवक रायडीह के खक्सीटोली का रहने वाला था। वह शनिवार को घर से निकला, जिसके बाद वापस नहीं गया। परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन किये लेकिन उसका कोई आता पता नहीं चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेजा और मामले की छानबीन में जुट गई है। अब तक यह खुलासा नहीं हुआ है कि युवक की हत्या की गई है या यह एक आत्महत्या है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। इधर शहर के कुंए से शव मिलने की खबर से सनसनी फैल गयी। लोग तरह -तरह की बातें घटनास्थल के समीप करते दिखे।

## दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव के समीप टीबीएस एवं पल्सर बाइक की सीधी भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें ग्रामीणों एवं प्रशासन की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## सभी जनकल्याणकारी योजना से पीवीटीजी परिवार को करें अच्छादित: डीसी

### पीवीटीजी समुदाय के विकास को लेकर चल रहे कार्यों की हुई समीक्षात्मक बैठक



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के पीवीटीजी समुदाय के विकास को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा लगातार कार्य किए जा रहें हैं। शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के लोगों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसे लेकर आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के लोगों तक पहुंचाने हेतु विभागवार उन्होंने अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को दिए गए समय अंतराल में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया।

जिसमें मुख्यतः विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु 31 मार्च तक का अंतिम समय दिया गया। वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित योजनाओं के लिए 31 दिसंबर तक की अवधि निर्धारित की गई है। इसके अलावा सभी विभागों को उनके वर्तमान उपलब्धि को देखते हुए अंतिम तिथि दी गई। उन्होंने कहा कि जिले के कोई भी पीवीटीजी समुदाय के लोग सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे उसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करें।

## मारपीट के मामले में दोनो पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज

**कैरो।** लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड मुख्यालय में थाना से महज कुछ दूरी पर विगत दिनों जमीन विवाद को ले मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए कैरो थाना पुलिस द्वारा नौशाद अंसारी, रिजवान अंसारी, इमरोज अंसारी, तबरेज अंसारी चारो के पिता सरफुल अंसारी, दानिश अंसारी पिता नौशाद अंसारी, शकील अंसारी, खालिक अंसारी, खालिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी चारो के पिता स्वर्गीय खलील अंसारी, जलील अंसारी पिता स्वर्गीय रजाक अंसारी, अकील अंसारी व जमिल अंसारी पिता जलील अंसारी, सिकंदर अंसारी व बबलू अंसारी दोनों पिता सेराज अंसारी, समीद अंसारी पिता जमरुद्दीन अंसारी पर कांड संख्या 7/24 धारा 341/ 323/ 326/ 307/ 379/ 354/ 34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## कोर्ट का कार्य केवल न्याय करना नहीं है, बल्कि लोगों का कल्याण भी करना है: चंधरियावी

### पोक्सो एवं जेजे एक्ट पर व्यवहार न्यायालय गुमला में कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झालसा, रांची, के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मल्टी स्टेट होल्डर कंसल्टेशन (पोक्सो एवं जेजे एक्ट) पर कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय गुमला में किया गया। उक्त कार्यशाला में न्याय प्रशासन, जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा एक मंच में आकर पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण तथा पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए पीड़ित प्रतिकार प्रदान करने की



कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि व अन्य

व्यवस्था के संबंध में तथा सरकार के हितकारी योजनाओं जैसे शिशु, आत्मनिर्भरता, आदि, पर और जेजे एक्ट के प्रावधानों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लैंगिक हिंसा या अपराध का शिकार होना से बचाना है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, डीसी अवस्थी ए डीजे वन, संजीव भाटिया एडीजे फोर, प्रणव कुमार प्रधान मजिस्ट्रेट जेजे बोर्ड, निर्मला बरला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला तथा अन्य अतिथियो ने दीप प्रज्वलन से किया।

## मनरेगा दिवस का किया गया आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मनरेगा दिवस मनाया गया। इस दौरान मनरेगा योजना की जानकारी व योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने सहित कई अहम जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। इस दौरान 100 दिन काम करने वाले मजदूरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला मेठ के अलावे मनरेगा में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों व लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान बीपीओ बेबी कुमारी ने बताया कि 2 फरवरी के दिन मनरेगा दिवस मनाया जाता है आज पूरे भारतवर्ष में मनरेगा दिवस मनाया जा रहा है। जिसके निमित घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत सचिवालय में मनरेगा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा योजना सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अति महत्वाकांक्षी योजना है।

## आज युवाओं और बच्चों को शहीदों को याद करने का उत्तम समय है : डीसी

### टिको शहादत स्थल के पास शहादत समारोह का हुआ आयोजन







पदयात्रा में शामिल लोग व कार्यक्रम में उपस्थित लोग





सलामी देते डीसी व श्रद्धांजलि देते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहीद वीर बुध भगत की 192वीं शहादत दिवस के अवसर पर हरधर-गिरधर समारोह समिति कुड़ू, लोहरदगा द्वारा आज टिको के पोखरा टोली स्थित शहादत स्थल के पास शहादत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

उपायुक्त समेत सभी अतिथियों द्वारा शहीदों वीर बुधु भगत, शहीद हलधर भगत, शहीद गिरधर भगत, शहीद विश्वनाथ भगत, शहीद लोदरो गुरू, शहीद रूनिया और झुनिया के समाधि स्थल पर जल और पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि आज युवाओं और बच्चों को शहीदों को याद करने का उत्तम समय है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से भटकाव की संभावनाएं ज्यादा हैं। बच्चों व युवाओं को आज शहीदों के बारें बताने की जरूरत है। अगर उन्हें हम शहीदों के बारे बतायें, उनके बलिदान के बारे बतायेंगे तो वे सही राह पर चलेंगे। वर्ष 1818 के आस-पास अंग्रेजों की सत्ता सार्वभौमिक रूप से स्थापित हो चुकी थी। तब अगले 15-20 वर्षों में ही झारखण्ड में उनके शासन व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ हो गया था। कई क्षेत्रों में लोगों ने अपना बलिदान दिया। उनके संघर्षों के कारण ही हमें अपना अधिकार मिल सका। उपायुक्त ने कहा कि आज अशिक्षित होना सबसे बड़ी समस्या है। सभी को शिक्षित होना आवश्यक है ताकि देश विकास की पथ पर निरंतर आगे बढ़ सके।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि वीर बुधु भगत के बलिदान और संघर्ष की तरह अन्य उदाहरण बहुत कम देखने का मिलते हैं जब किसी पूरे परिवार ने हीं अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया हो। वीर बुधु के साथ-साथ उनके बेटों और बहनों ने भी अपने प्राण संघर्ष के दौरान न्यौछावर किये। उस समय हमारे सामने चुनौती के रूप में अंग्रेज थे। आज शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर करने की चुनौती है। इसे चुनौती के रूप में लिया जाना चाहिए। हमें शहीदों के बलिदान को आनेवाली पीढ़ी को बताना चाहिए ताकि उनका बलिदान जिंदा रहे।

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम इतिहास को जानने का बेहतर माध्यम हैं। उस समय आजादी के संघर्ष के दौरान हमारे पास सीमित संसाधन थे।

एक नजर में

## सत्संग में किसी व्यक्ति, जाति, धर्म की आलोचना नहीं की जाती : पंकज महराज



सत्संग में शामिल महिलाएं व सत्संग में प्रवचन देते पंकज जी महराज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जयगुरू देव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा संत पंकज जी महाराज के सान्धिया में चल रहे 82 दिनी शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा के 38 वें दिन यात्रा गुमला सदर प्रखण्ड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय खरका पहुची। जहां खरका के मैदान में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पंकज जी महाराज ने कहा कि संत, महात्माओं के सत्संग में किसी व्यक्ति, जाति, धर्म की आलोचना नहीं की जाती। यहाँ तो भगवान की भक्ति के प्रति प्रेम, श्रद्धा पैदा किया जाता है। सत्संग से विवेक जागृत होता है, लोगों को अनमोल मानव तन पाने के उद्देश्य की जानकारी होती है। जब हम लोग इस संसार में पैदा हुए तो न कोई जाति-बिरादरी लेकर आये, न कोई कौम या मजहब लेकर आये, न कोई अपना नाम लेके आये, सिर्फ नंगे रोते हुए पैदा हुए थे। कर्म के अनुसार हमारी जाति बन गई, धीरे-धीरे हमारा फैलाव दुनियाँ में होता चला गया।

## राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा से झारखंड की जनता उत्साहित: आलोक



ग्रामीणों से मिलते आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला के कामडारा एवं बसिया प्रखंड के रास्ते राहुल गांधी का भारत जोड़ो नया यात्रा 6 फरवरी को गुजरेगी। इस यात्रा को सफल बनाने हेतु लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू भंडरा प्रखंड के ग्राम कुमहरिया ,नगड़ी एवं आकाशी गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं आम ग्रामीणों से मिलकर भंडरा प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा संख्या में 6 फरवरी को कामडारा एवं बसिया प्रखंड जाने का आग्रह किये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि आज राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड के पाकुड़ जिला में प्रवेश करेगी एवं 6 फरवरी को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कामडारा, बसिया कोलेबिरा सिमडेगा होते हुए उड़ीसा जाएगी। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी के न्याय यात्रा से जनता एवं कांग्रेसजन काफी उत्साहित है। भंडरा प्रखंड से भी सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसजन राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री साहू ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने एवं गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, बेरोजगारों को न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा निकाला गया है।

## सिसई के विभिन्न नदी घाटों से बालू का अवैध उठाव जारी



पुलिस द्वारा जब्त हाईवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई पुलिस ने बालू लादकर ले जा रहे हाईवा को शुक्रवार को कॉलेज रोड से जब्त किया। जब्त हाईवा बालू ले जाने के क्रम में बिजली पोल को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद सिसई थाना ने वाहन को जब्त कर थाना ले आया। बता दें कि इन दिनो सिसई प्रखंड के विभिन्न नदी घाटों से स्टॉक चलान के नाम पर अवैध बालू का उठाव और हाईवा से रांची सहित अन्य जिलो में तस्करी धड्डले से चल रहा है। आये दिन दिन प्लास्टिक का पाल ढक कर हाइवा से बालू की तस्करी की जा रही है। जबकि घाट का सरकारी टेंडर हो चुका है लेकिन पर्यावरण विभाग की ओर से खनन विभाग को कागजात नहीं भेजा जा सका है। जिस कारण बालू उठाव का आदेश विभाग की ओर से संवेदको को नहीं मिल पाया है। उसके बावजूद भी बालू तस्करों के द्वारा जिन्दा कोईल नदी, बर्री कोईल घाट व कुलंकरी कोईल घाटो से अवैध बालू का उठाव और तस्करी की जा रही है।

## पुस्तक मेला का आयोजन करने का लिया गया निर्णय



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्र के आलोक में लोहरदगा जिला तीनों सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के चयन हेतु गठित समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुस्तकों के लिए विद्यालयवार प्राप्त आवंटन अनुसार पुस्तकों की सूची तैयार करने, एक पुस्तक मेला का आयोजन का आयोजन करने व उसमें प्रकाशकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया एवं आवश्यक निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। बैठक जिला शिक्षा अधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# स्पीड न्यूज

## मनरेगा दिवस के अवसर पर सैकड़ो मजदूरों ने काम की मांग को लेकर किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करते मजदूर।

**हेरहंज।** मनरेगा दिवस के अवसर पर हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र के मजदूर महिला-पुरूष सैकड़ों की संख्या में काम की मांग सहित कई मांगों के साथ पंचायत सचिवालय हेरहंज से प्रदर्शन व नारे लगाते प्रखण्ड कार्यालय परिसर पहुँचे। मजदूर मनरेगा के तहत 15 दिनों के अंदर काम की मांग सहित कई मांगो को लेकर नारे लगा रहे थे। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों को काम दो काम का पूरा दाम दो, मनरेगा में ठिकेदारी और जेसीबी मशीन नहीं चलेगी वरना कोर्ट में केश चलेगी ,हर मजदूर की यही पुकार काम का हो पूरा अधिकार, शहीद नीलाम्बर पीताम्बर अमर रहे, मनरेगा से करेंगे हरियाली गांव शहर में होगी खुशहाली, मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार बन्द करो, मजदूर की मौत एवं दिव्यांगता पर मुआवजा की मांग सहित कई नारे लगाए गए। साथ ही मजदूरों के हर हाँथ में माँग पोस्टर था व लाउडस्पीकर के माध्यम से नारे लगाए जा रहे थे। मजदूरों ने विधिवत एवं शांति तरीके से ढोल मांदर के साथ अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। मजदूरों को ब्लॉक गेट के पास उपस्थित सुरक्षा बलों के द्वारा रोक दिया गया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से नंदकिशोर गंझू, हेरहंज पंचायत उपमुखिया राजबली यादव, प्रेम भुईंया, सुरेश गंझू, मिना देवी, अनिता देवी, फुलमनी देवी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के कर्मियों ने बीपीएम को कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई


विदाई देते कर्मी।

**बारियातू।** जेएसएलपीएस कार्यालय कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर शुक्रवार को जेएसपीएल के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनिल कुमार को स्थानांतरण होने पर सखी मंडल के महिलाओं एवं कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। बीपीएम कुमार का तबादला गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड में हो गई है।वहीं चतरा सदर के बीपीएम दिपक कुमार सिंह बारियातू में बीपीएम का पदभार लेंगे। उनके विदाई समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके एक लंबे समय 18 जुन 2018 से अब तक की कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सखी मंडल को आगे बढ़ाने और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने एवं जागरुकता लाने में काफी सराहना योगदान देते हुए महिलाओं को आर्थिक, समाजिक रूप से भी आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही प्रखंड के कोई भी कार्यक्रम हो उसमें उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। विदाई समारोह के पूर्व टोंटी व बारियातू सीएलएफ के दीदीयों द्वारा बुके, शॉल व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं केक काट कर एक दुसरे को खिलाया। विदाई समाहरोह कार्यक्रम के मौके पर बारियातू सीएलएफ सचिव गीता देवी, टोंटी अध्यक्ष मंजु देवी, सीसी मनीष गुप्ता व अशेश्वर प्रजापति, दीपाली देवी, सोनी खातुन, ज्योति गुप्ता, बैंक सखी सुनैना रानी, सबीता देवी, सरिता सिन्हा, अमिता लोहरा, राजमनी देवी सहित कई महिला सखी उपस्थित रहे।

## मनरेगा दिवस पर जागरूकता रैली एवं एक दिवसीय सभा का किया गया आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन शुक्रवार को मनरेगा दिवस के अवसर पर झारखंड नरेगा वॉच एवं नरेगा सहायता केंद्र मनिका के संयुक्त तत्वाधान में मजदूर आमसभा सह रोजगार अधिकार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हाई स्कूल खेल के मैदान से मजदूरों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई रैली में मजदूरों ने 600 रु प्रतिदिन मजदूरी लागु करो, साल में 200 दिन काम कि गारंटी करो, फर्जी मजदूरों का जॉब कार्ड निरस्त करो, हर हाथ को काम दो का नारा लगाते हुए प्रखंड कार्यालय परिषर पहुंचे जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। वहीं नरेगा सहायता केंद्र के श्यामा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेगा के लागु हुए 18 वर्ष हो गया फिर भी वास्तविक मजदूरों को ससमय काम नहीं मिल रहा है और बिचौलियों एंव अधिकारियों के मिली भगत से फर्जी मजदूरों के नाम हर सप्ताह काम उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पुनः रोजगार दिवस पंचायत सचिवालय में शुरू किया जाए और सभी मजदूरों को एकजुट होकर काम मांगने की जरूरत है। वहीं सामाजिक कर्यकर्ता दिलीप रजक ने मंच संचालन किया। मौके पर लालबिहारी सिंह, दिलीप रजक, प्रेमा तिग्गा, कविता देवी, बिनेश्वर सिंह, पानपती देवी, महेश्वर उराँव, शिवलाल उराँव, दीपू सिंह,अमीर सिंह, सतनी देवी, धनपतिय देवी, पार्वती देवी, बसंती देवी, पुरनान्द कुमार, पियुस कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्रिमंडल में शामिल होने के बढ़े आसार

# बैद्यनाथ राम को मंत्रालय संभालने का रहा है लंबा अनुभव : प्रभात कुमार

- राज्य गठन के पश्चात चार महत्वपूर्ण मंत्रालय का संभाल चुके है दायित्व

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** झारखंड में सियासी उठापटक के बीच नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण के साथ ही मंत्रिमंडल के विस्तार में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री पद दिए जाने की चचाएं जोर शोर से चल रही हैं। चंपई सोरेन जी के शपथ ग्रहण के बाद राज्य में जेएमएम कोटे से मंत्री की एक कुर्सी खाली हो गई है। जिसकी भरपाई के लिए लातेहार से जेएमएम विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाए जाने का रास्ता साफ दिख रहा है, क्योंकि बैद्यनाथ राम राज्य में एससी कोटे से एकमात्र अनुभवी विधायक है। झारखंड अलग राज्य का गठन होने के बाद यह चार महत्वपूर्ण मंत्रालय का दायित्व संभाल चुके है। इनके मंत्री बनाए जाने से सरकार सहित पूरे प्रदेश वासियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।


बैद्यनाथ राम विधायक लातेहार।

विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि बैद्यनाथ राम को मंत्रालय संभालने का लंबा अनुभव रहा है, उनके मंत्री बनाए जाने से लातेहार जिले समेत पूरे राज्य का समुचित विकास होगा। बता दें कि सबसे पहले सन 2000 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बैद्यनाथ राम राज्य के खेल कला संस्कृति मंत्री बने। जिसके बाद मद्य निषेध और उत्पाद मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। 2005 में चुनाव जीतकर शिक्षा मंत्री रहें। इस तरह उन्होंने चार बार मंत्री पद की जवाबदेही को पूरी जिम्मेवारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन किया है।


प्रभात कुमार विधायक प्रतिनिधि।


विशाल कुमार।

हालांकि 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और 2014 का चुनाव उन्होंने नहीं लड़ा। वहीं 2019 में जेएमएम के टिकट से भाजपा प्रत्याशी को हराया।


अंकित कुमार।

### प्रदेश स्तर पर पार्टी को मिलेगी मजबूती

दुर्गा प्रसाद, मदन सिंह,मीडिया प्रभारी विशाल कुमार, युवा नेता अंकित पाण्डेय, विवेक गुप्ता, चंदन कुमार, विकास कुमार, वारिश अंसारी और रिंकू कश्यप आदि कई कार्यकताओं ने बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की मांग की है इन्होंने कहा कि अब चंपई सोरेन की सरकार में वरीयता और अनुभव के आधार पर बैद्यनाथ राम जी के मंत्रिमंडल में शामिल होने के आसार बढ़ गए है, इसका प्रमुख कारण यह भी है कि जब-जब इनको मंत्री पद मिला है, तब-तब उन्होंने अपने कार्यों और कर्तव्यों को बखूबी निर्वहन करते हुए सभी क्षेत्रों में विकास की कई गाथा लिखी है। इसलिए इस बार मंत्री मंडल में शामिल किया जाना तय माना जा रहा है। कार्यकताओं को उम्मीद है कि अगर बैद्यनाथ राम जी को मंत्री बनाया जाता है तो राज्य हित में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए पर लातेहार जिले के मान-सम्मान को बढ़ाने का काम करेंगे और जिले ही नहीं बल्कि पूरे राज्यस्तर पर पार्टी मजबूत होगी। जिसका परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

## लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को भी मिले मंत्रिमंडल में जगह : परवेज आलम

जेएमएम के लातेहार युवा जिला सचिव परवेज आलम के नेतृत्व मे युथ जेएमएम कार्यकर्ताओ ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मंत्रिमंडल में शामिल करने करने की मांग की है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परवेज आलम ने कहा कि लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्रिमंडल में जगह मिलने से पार्टी की मजबूती मिलेगी साथ इस राज्य का और इस क्षेत्र का विकास में और तेजी आयेगी।


परवेज आलम।

## वन पट्टा की आड़ में बेतहासा उजाड़े जा रहे जंगल की खबर छपने के बाद एक्शन में विभाग

# अलौदिया वन क्षेत्र में उजाड़े जा रहे जंगल की जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम

- अवैध रूप से जंगल काटकर वन भूमि पर कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई में जुटी विभाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड मुख्यालय से सटे अलौदिया पंचायत अंतर्गत कारी टोंगरी में वन पट्टा की आड़ में अवैध रूप से उजाड़े जा रहे जंगल की खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किये जाने के बाद वन विभाग हरकत में आ गयी है। शुक्रवार को वन रक्षी सह प्रभारी वनपाल सुनील कच्छप की अगुवाई में वन विभाग की टीम मामले की जांच करने कारी टोंगरी जंगल पहुंची। बताया जाता है कि जांच के क्रम में विभाग की टीम ने पाया कि वन पट्टा की आड़ में लगभग कई एकड़ वन क्षेत्र में वनों की कटाई कर वन भूमि पर कब्जा किया गया है साथ ही भारी मात्रा में अंधाधुंध तरीके से कीमती पेड़ो की कटाई कर लकड़ी की भी तस्करी की गई है। जांचोपरांत टीम ने वन पट्टा के आड़ में वन को उजाड़ने वाले लोगो पर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन रक्षी सह प्रभारी वन पाल के द्वारा मामले में दो लोगो पर मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन भी दिया गया है। लेकिन विभाग के अधिकारी इसमें कुछ भी कहने से बच रहे है। बता दें कि प्रखण्ड के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में वन पट्टा की आड़ में बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई की गई है। यह खेल वर्षों से चल रहा है। क्षेत्र में कई कोयला परियोजना के आने के बाद से भूमाफियाओं की नजर वन भूमि पर है।

### क्या कहते हैं रेंजर

रेंजर नंद कुमार मेहता ने कहा कि मामले को लेकर विभाग गम्भीर है, पूरे मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आ रहे है उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर में

### बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर ट्रक मालिको ने दिया धरना


धरना देते ट्रक मालिक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में शुक्रवार को बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिको ने बकाया भाड़ा भुगतान की मांग लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धरना दिया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन के मनमानी रवैया एवं प्रणव-नमन प्राइवेट लिमिटेड सहित कई लिफ्टर के द्वारा ट्रक मालिकों का लाखों रुपए भाड़ा बकाया रखे हुए हैं। वहीं खर्च के नाम पर गद्दी खर्च, टीडीएस काटा जा रहा है। सीसीएल प्रबंधन नियमित रूप से कोयले का रेजिंग नहीं कर रही है। जिस कारण कोलियरी परिसर में 8 से 10 दिन तक ट्रक खड़े रह जा रहे हैं ट्रकों का ईएमआई, टैक्स, परमिट फेल हो जा रहा है। ट्रक मालिको के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं विस्थापित नेता संजय यादव ने कहा की प्रणव नमन कंपनी के गलत रवैया के कारण सेल का कोयला उठाव नही हो रहा है। कंपनी तेतरियाखांड में रेजिंग का कार्य करता है। और वह खुद ट्रांसपोटिंग भी कर रहा है। सीसीएल की मिलीभगत से कंपनी जानबूझकर पत्थर कोयला मिलाकर रेजिंग करती है। अच्छा कोयला नही मिलने से सेल का कोयला प्रभावित हो रहा है। वहीं ट्रक मालिकों का भाड़ा भी बकाया है। वही अनिश्चितकालीन धरना को लेकर बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन ने लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम को आवेदन सौंप कर मामले में हस्तक्षेप करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। बैठक में मौके पर संजीत साहू, गिरेन्द्र यादव, चुरामन साव,कृष्णा साव, शिवनारायण साव, विष्णु यादव, अर्जुन साव, प्रकाश यादव, राजेंद्र उर्फ चरकू यादव, राजेंद्र यादव नगडा, बबलू साव, पंकज सिन्हा, जुनैद टायर, मो.सारो, आजम अंसारी, मो. फिरोज, कमलेश सिंह, सन्तोष यादव, कुलदीप यादव, सुरेंद्र साव, दिलीप यादव, विनय सिंह कोमर, दीपू गुप्ता, अजीत मंत्री, कारू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक रामचंद्र सिंह को भी मिले मंत्रिमंडल में जगह : आमिर सुहैल

**महुआडांड़।** युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल के नेतृत्व मे युथ कांग्रेस नेताओं ने मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मंत्रिमंडल में शामिल करने करने की मांग की है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमिर सुहैल ने कहा कि आम जनता के हर दु:ख दर्द को अपना दु:ख समझकर उन्हे न्याय दिलाने के लिए विधायक रामचंद्र सिंह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। सो समाज के हर वर्ग के दिलों में बसने वाले विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिया जाय। विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिलाने की मांग महुआडांड प्रखण्ड के कई कांग्रेस नेताओं ने भी की है। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, 20 सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर, युवा नेता सुभाष प्रसाद, रानू खान, नुरूल अंसारी, राजनाथ यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शकील खान उर्फ पप्पू, बसारत अली, नसीम अंसारी, कोमल किण्डो आदि का नाम शामिल है।


विधायक रामचन्द्र सिंह।

## अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास को दी जाएगी गति : सोमा उरांव

- बालूमाथ बीडीओ ने चंदवा के प्रभारी बीडीओ के रूप में दिया योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के निवर्तमान बीडीओ विजय कुमार के स्थानांतरण होने के बाद उपायुक्त हिमांशु मोहन के निदेर्शानुसार बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने शुक्रवार को चंदवा के प्रभारी बीडीओ के रूप में योगदान दिया। सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयशंकर पाठक व अन्य कर्मियों की मौजूदगी में निवर्तमान बीडीओ विजय कुमार ने सोमा उरांव को पदभार ग्रहण कराया। इसके पूर्व सीओ जयशंकर पाठक व निवर्तमान बीडीओ विजय कुमार ने सोमा उरांव को पुष्प गुच्छ प्रदान का स्वागत किया। इधर पदभार लेने के बाद सोमा उरांव ने प्रखण्ड कर्मियों से साथ शिष्टाचार मुलाकात की व विकास योजनाओं को गति देने को लेकर बैठक भी किया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। प्रभारी बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को गति देने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बीपीओ रतन शाहदेव, प्रखण्ड कृषि सह आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, जीपीएस बालेश्वर उरांव, सांख्यकी पदाधिकारी शिशिर कुमार बारला, प्रखण्ड कर्मी रितेश कुमार, रोहित मेहता, अमित कुमार, लव पासवान, रंजीत यादव समेत कई कर्मी मौजूद थे।


नवनियुक्त प्रभारी बीडीओ योगदान लेते हुए।

## चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के गठबंधन कार्यकत्ताओं ने चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर व आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता को मंत्री बनाए जाने पर बधाई दिया है। बधाई देने वालों में से मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, जेएमएम बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, मोहम्मद मुमताज, मनीष यादव, झामुमो प्रखंड सचिव अनिल कुमार तूरी, कांग्रेस यूथ प्रखंड अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव, कुलदीप राम, हदीस, मो. रशीद, मुन्ना उरांव, जगदीश उरांव, मो. जफरूद्दीन, मुकेश राम, निरंजन यादव, मो तबारक, राजीव भगत, मनीष यादव, शहीद दर्जनों कार्यकताओं ने बधाई दी साथ ही एक दूसरे को मिठाई भी खिलाया।


बधाई देते कार्यकर्ता।

## सोशल केयर फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय परीक्षण का किया गया आयोजन

लातेहार। सोशल केयर फाउंडेशन के द्वारा शुक्रवार को उदयपुरा गाव में एक दिवसीय परीक्षन का आयोजन किया गया। जिसमे बचत लोन, आपस मे लेन–देन, सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, कृषि पालन, अगरबत्ती, मोमबत्ती, अचार पापड़, मधुमख्खी पालन एवं सभी तरह परीक्षन के बारे मे बताया गया। जिसमे मुख्य अतिथि चंदवा जिला प्रभारी सुभम कुमार उरांव, चेतन उरांव, मंजू देवी, सरिता देवी, बिंदु देवी, सीमा देवी, राजो देवी, सरोज देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने का किया मांग


बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन शुक्रवार को युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान समेत अन्य कार्यकताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को कांग्रेस कोटे से मंत्रिमंडल में शामिल करने का मांग किया। मौके पर मिथिलेश पासवान ने कहा कि विधायक रामचंद्र सिंह आदिवासी होने के साथ–साथ पलामू प्रमंडल में इकलौता कांग्रेस के विधायक हैं। इसलिए हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राज्य के मंत्रिमंडल में विधायक रामचंद्र सिंह को शामिल करने की मांग करते हैं इससे पार्टी और भी मजबूत होगा एवं राज्य व क्षेत्र का भी विकास होगा। मौके पर युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विशाल पासवान,भोला प्रसाद,महासचिव मोहन राम,बिरेंदर यादव,लालू यादव,समेत,कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार जिले के 7 पुनि (इंस्पेटर) का हुआ तबादला, लातेहार जिले में 8 पुनि का हुआ पदस्थापना

**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्रांक तदनुसार मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 6352 के आलोक में बीते 30 जनवरी को संपन्न हुए राज्य पुलिस स्थापना पार्षद की बैठक में निर्णय लेते हुए एक ही जिले में लगभग 3 वर्ष या उससे अधिक समय से जमे राज्य के 346 पुलिस निरीक्षको को स्थानांतरित करते हुए जिला बदल किया गया है। इस तबादले में लातेहार जिले से 7 इंस्पेक्टरो का दूसरे जिले में स्थानांतरण हुआ है जबकि 8 नए पुलिस निरीक्षक का लातेहार जिले में पदस्थापना हुआ है जो जिले के विभिन्न थानों में बागडोर संभालेंगे। विभिन्न जिलों से लातेहार जिला में पदस्थापित होने वाले अधिकारियों में पुनि रणधीर कुमार धनबाद से लातेहार, पीर मोहम्मद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से लातेहार, उमेश प्रसाद सिंह धनबाद से लातेहार, अर्जुन सिंह सुंडी विशेष शाखा से लातेहार, संजय कुमार गुप्ता रामगढ़ से लातेहार, निलेश कुमार विशेष शाखा से लातेहार, परमानंद बिरुआ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से लातेहार व प्रमोद कुमार सिन्हा विशेष शाखा से लातेहार पदस्थापित हुए हैं। जो जिले के विभिन्न थानों में कमान संभालेंगे। वही लातेहार जिले से स्थानांतरित होने वाले पुलिस निरीक्षकों में महिला पुलिस निरीक्षक नीलमणि खलखो एटीएस रांची, आशुतोष कुमार लातेहार से धनबाद, अमित उरांव व चंद्रशेखर चौधरी झारखंड जगुआर, शशि रंजन कुमार धनबाद, मदन कुमार शर्मा आईटीएस रांची और बबलू कुमार लातेहार से एटीएस रांची शामिल है।

## चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद इंडिया गठबंधन के नेताओं में खुशी की लहर

# भाजपा ने षड्यंत्र रचकर हेमंत सोरेन के खिलाफ रची है साजिश : शशि भूषण

- चंपई सोरेन के नेतृत्व में राज्य का होगा समुचित विकास: अफजल अंसारी
- एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकताओं ने किया खुशी का इजहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड टाइगर चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जेएमएम के वरिष्ट नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी के साथ- साथ कांग्रेस, राजद समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने चंपई सोरेन को बधाई दी। इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जहां शशि भूषण तिवारी ने कहा कि राजनीतिक दांव पेंच और झूठ फरेब की पार्टी बीजेपी का झारखंड में सरकार बनाने का सपना अधूरा रह गया, जो कभी पूरा नहीं होगा। जिस तरह से बीजेपी ने षड्यंत्र रचकर ईडी के माध्यम से सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ साजिश रची है। आने वाले समय में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा कि चंपई सोरेन जी जनता के बीच रहने वाले नेता है। उनके नेतृत्व में सरकार अपना कार्यकाल सफलता पूर्वक पूर्ण करेगी और राज्य का समुचित विकास भी होगा। वहीं कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि चंपई सोरेन के नेतृत्व में समूचे राज्य में विकास का कीर्तमान स्थापित होगा। ईडी की कार्रवाई भाजपा की साजिश है। भाजपा के चाल चरित्र जनता समझ चुकी है। इधर बधाई देने वालो में वरिष्ट नेता अनिल सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, नजाम खान, अजय सिंह, समाजसेवी दीपू तिवारी, अवधेश मेहरा, ओमप्रकाश गुप्ता, अजीत गुप्ता और नाजमी अनवर समेत महागठबंधन के कई नेता शामिल है।


मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता।

स्पीड न्यूज

## नयन कुमार मंडल को मुखिया ने किया सम्मानित



**कतरास।** जमुआटांड पंचायत सचिवालय मे 04/02/2024 से 06/02/2024 तक ओड़िशा मे होने वाले राष्ट्रीय एस जी एफ आई गतका प्रतियोगिता मे जमुआटांड पंचायत से चयनित नमन कुमार मंडल को पंचायत के मुखिया निरंजन गोप पंचायत समितिसदस्य प्रतिनिधि गौतम महतो वार्ड सदस्य चंदन महतो वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नेपाल सिंह सुशील कुमार सिंह पंकज मंडल छोटन रजक सुखदेव मंडल नाविक मंडल बबलू मंडल उत्तम मंडल एवं दर्जनो ग्रामीणो ने सम्मानित कर नमन कुमार मंडल को शुभकांमनाए दिया।

## रेलवे का लोहा चोरी करते धराया चोर



**कतरास।** शुक्रवार को कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर रेलवे का स्क्रैप लोहा चोरी करते हुए लकड़का चार नंबर का चंदन तुरी को आरपीएफ ने रंगेहाथ पकड़ा ।जबकि तीन चोर भागने मे सफल हो गया। पकड़े हुए चोर के निशानदेही पर आरपीएफ ने कई जगह छापेमारी की लेकिन चोर नहीं पकड़ाए। चोरी किया गया लोहा आरपीएफ ने किया जप्त कर लिया है। और गिरफ्तार चोर कुंदन तुरी को अपने साथ धनबाद आरपीएफ थाना ले गई है।

## एझारकुंड पहुंचा वीवी पैट प्रचार वाहन

**कुमारधुबी।** शुक्रवार दोपहर जिला से मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर वी वी पैट प्रचार प्रसार वाहन एझारकुंड प्रखंड पहुंचा जहां वी वी पैट के माध्यम से आम जनता को ये बताया और दिखाया जाएगा की उनका मत सही जगह पड़ रहा है की नही,किसी तरह की कोई गड़बड़ी है की नही इसको लेकर आम लोगो तक पहुंचा जाएगा और ये बताने की कोशिश की जाएगी की आपका मत बिलकुल सही जगह पर जा रहा है । किसी भी तरह की कोई भ्रम की स्तिथि में आम जनता ना रहे इसको लेकर लोगो के बीच जाकर जागरूक करने का काम प्रसार वाहन करेगी।

## राहुल गांधी के कार्यक्रम स्थल का सिविल सर्जन ने किया दौरा

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 3 फरवरी पगला मोड़ के सामने स्थित मैदान में रात्रि विश्राम कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त स्थल पर पहुंची। सिविल सर्जन भानु प्रताप,सीओ देवराज गुप्ता, डॉ विकास राणा, टुंडी चिकित्सा प्रभारी डॉ सरवन कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो नेता अजीत मिश्रा आदि मौजूद थे।

## राहुल गांधी के स्वागत को कांग्रेसी उत्साहित

**बोकारो।** बोकारो में 4 फरवरी को राहुल गांधी के पहुँचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। पार्टी के वरीय नेता फिरोज आलम ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का बोकारो जिला का प्रवेश द्वार दामोदर नदी तेल मोच्चो पुल से पार्टी के सभी इकाई के कार्यकर्त्ता नेता व पदाधिकारी झंडा बैनर तले गाजेबाजे के साथ मानव शृंखला बनाकर उनका हौसला अफजाई करने का काम करेंगे। चास धर्मशाला में नुक्कड़ सभा के बाद उनका कारवां चलता रहेगा। जिले के अंतिम छोर पेटरवार तक सभी जाति धर्म के लोगों के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

# डीसी-एसएसपी और एसडीएम ने किया चिरकुंडा थाना का निरीक्षण

**प्रदेश में राजनीतिक अव्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट दिये गये कई निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना में जिला प्रशासन की पूरी टीम औचक निरीक्षण करने पहुंची जिसमें धनबाद उपायुक्त, एसएसपी व एसडीएम यह सभी पदाधिकारी चिरकुंडा थाना में रात्रि में 10:00 बजे औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उपायुक्त ने बताया की समय बहुत ही संवेदनशील है इसके लिए पूरे जिला में प्रत्येक संवेदनशील थाना के पुलिस से क्षेत्र के लॉयन ऑर्डर को देखा जा रहा है और संबंधित थाने के अधिकारी को कई निर्देश भी जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दी गई की क्षेत्र में शांति व्यवस्था कैसे बहाल की जा सके इस पर स्थानीय स्तर पर चर्चा की गई उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक थानों के थानेदार से क्षेत्र के विषय में जानकारी ली गई और कई निर्देश भी दिए गए एसएसपी जनार्दन ने बताया कि प्रदेश में राजनीतिक अव्यवस्था उत्पन्न हो गई है जिसको मद्दे नजर रखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है और लोगों से अपील भी कर रहा है कि शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी भी तरह के रयूमर या बहकावे तथा सोशल मिडिया के मिथ्या पोस्ट में आकर लायन आर्डर को अपने हाथ में ना ले नहीं तो पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी स्थिति परिस्थिति से निपट सकती है।

## झामुमो के 45वें स्थापना दिवस पर रैली

**सीएम चंपई सोरेन ने सभा को किया संबोधित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45 वां झारखण्ड दिवस पर कार्यकर्ताओं ने विशाल रैली निकाली। रैली पूर्व निर्धारित जगह एसपी कॉलेज से विशाल रैली कार्यकर्ताओं हजारों की संख्या में आदिवासी और मूलवासी झामुमो का झंडाए नगाड़ा लेकर रैली शामिल हुए। लोगों का आक्रोश देखने को मिला। इस रैली मे महिलाए बच्चे, बूढ़े रैली मे शामिल होकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को आक्रोश व्यक्त किया। लोगों ने जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। रैली एसपी कॉलेज से शुरू होकर दुमका शहर से होते हुए गांधी मैदान में सभा में तब्दील हो गई। सभा देर रात तक चलेगी। कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शामिल होकर सम्बोधित करेंगें। अंत मे शिबू सोरेन का सन्देश ऑडियो विजवल द्वारा लोगों को दिखाया और सुनाया जायेगा। हालांकि पुरानी परंपरा 45 वां झारखंड दिवस समारोह में टूटती दिख रही है। इस बार पार्टी सुप्रीमो के हाथों पार्टी का झंडा नहीं फहराया जायेगा। हर बार पार्टी सुप्रीमो द्वारा आगामी पार्टी के संकल्प पत्र का आगाज करती रही है। आगामी चुनावों और राज्य की दशा.दिशा तय होगी। हालांकि इस बार स्थापना दिवस से दो दिन पूर्व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के कारण उपस्थित नहीं हो सकेंगे। कार्यकर्ताओं में अपने नेता की गिरफ्तारी से मायूसी और दर्द आसानी से देखा जा सकता है। लेकिन उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है।

## युधिष्ठिर महतो को फिल्म पीआर के लिए कोलकाता में मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** श्यामा फिल्म्स एंटरटेनमेंट के द्वारा आयोजित फिल्म अवार्ड कलकत्ता 2024 के कार्यक्रम में पत्रकार युधिष्ठिर महतो को फिल्म पीआर के लिए सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि विगत पांच वर्षों से युधिष्ठिर भोजपुरी, खोरठा, नागपुरी, छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्मों के लिए पीआर का कार्य कर रहे हैं।कई कलाकारों के लिए भी पीआर का कार्य करते हैं।इनके द्वारा पीआर की गई कई फिल्में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी हैं।वहीं टीवी पर भी प्रसारित हो चुकी हैं।पीआर के क्षेत्र में कार्य करने के साथ ही पत्रकारिता भी करते हैं।वर्तमान में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय से मास कम्युनिकेशन में पीजी भी कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि पत्रकारिता और पीआर के क्षेत्र में ही आगे बेहतर करना हैं।

## कोयला चोरों के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान

**बेरमो/कथारा।** शुक्रवार को लगभग सुबह 4:00 बजे महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय रात्री गस्ती दल, स्वांग कोलियरी गस्ती दल तथा गोविंदपुर गस्ती दल संयुक्त रूप से स्वांग कोलियरी, गोविंदपुर तथा कथारा वाशरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी किया गया। गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस छापेमारी में 5 मोटर साइकिल तथा 22 साइकिल को जप्त कर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गया। इसके उपरांत साइकिल तथा मोटर साइकिल में लदा कोयला से भरा लगभग 60 से 65 बोरा कोयला को जप्त कर पूर्ण रूप से बोरे को फाड़ दिया गया।

## बेरमो : लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**शोभायात्रा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली में श्री रामदूत हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सात दिवसीय को लेकर रामनवमी सेवा समिति एवं समस्त सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली वासी की ओर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। यहां सैंकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर जलयात्रा में शामिल हुए। कलश शोभायात्रा सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली से शारदा कॉलोनी होते हुए ढोरी खास स्थित दामोदर नदी तट पर पहुंची, जहां काशी वाराणशी से आये पंडित आचार्य दिनेश शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान समिति के उपसचिव गणेश यादव व उनकी पत्नी आंती देवी को पूजन करा कलश में श्रद्धालुओं को जल धारण कराया गया। इसके पश्चात भ्रमण करते हुए पुनः महायज्ञ स्थल सेंट्रल कॉलोनी मकोली पहुंचे। शोभायात्रा में गाजे- बाजे सहित झांकी में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान भी आकर्षक रहा। इस दौरान जय हनुमान, जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजयमान हो गया. जिसमें वृंदावन से श्रीमद्भागवत कथावाचक श्यामा किशोरी जी एवं काशी, वाराणसी से आये वेदाचार्य-व्याकरणाचार्य पड़ित दिनेश शुक्ल के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं पाठ कराया जायगा। समिति के लोगो ने बताया गया कि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

**इन्होंने निभाई भूमिका**

आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शम्भु कुमार झा, उपाध्यक्ष मदन श्रीवास्तव सचिव सुनिल सिंह, उपसचिव गणेश यादव, कोषाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर, सक्रिय सदस्य अशोक चौहान, परमात्मा सिंह, अनिल मोर्या, दिनेश यादव, सुनिल यादव, देव चौहान, रोशन कुमार, गौतम ठाकुर, पिंटु मोर्या, धर्मेंद्र सिंह, विजय मोर्या, दीनबंधु पांडेय, सुरेंद्र चौहान लगे हुए है।

## अबुआ आवास में भ्रष्टाचार को लेकर धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत तोपचांची प्रखंड के मुख्य द्वार पर एकदिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया।यह प्रदर्शन अबुवा आवास में भ्रष्टाचार को लेकर किया गया।अबुआ आवास का सूची का चयन गलत लाभुको का किया गया है। सूची में नाम वैसे लोगों का है,जो अर्हता को पूरा नहीं करता है।धनबाद जिला के सभी प्रखंडों का सूची मनमाना तरीका से बनाया गया है।इस धारणा का नेतृत्व जिला परिषद की उपाध्यक्ष सरिता देवी ने किया।कार्यक्रम का संचालन सदानंद महतो ने किया।इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि यह सूची कार्यालय में बैठकर बनाया गया है। यह सूची ग्रामसभा में बनता तो गरीबों को मिलता, वहीं सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने कहा कि 70% सूची अवैध तरीके से बनाए गए हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि अबुआ आवास गरीबों का योजना है, लेकिन सूचीबद्ध संपन्न लोगों का किया गया है। सभा को संबोधन करने में सदानंद महतो, सरयू प्रसाद महतो, बिंदेश्वर प्रसाद महतो, भवानी महतो, विनोद सिंह, उषा कुमारी, आशा देवी, रेशमी देवी, अजीत कुमार महतो, दीपू तिवारी, खूबलाल दास, परमेश्वर महतो, उषा देवी, मंजू मंझियान, विश्वनाथ कुमार, प्रदीप कुमार, कंचन देवी आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## श्रीराम के बुलावे पर धनबाद के 31 विहिप कार्यकर्ता जायेंगे अयोध्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** देश भर से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को भगवान श्रीराम के बाल्यरूप का दर्शन करने अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी कार्यकर्ता 3 फरवरी को अयोध्या धाम पहुंचेंगे। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के धनबाद जिला मंत्री सह यात्रा प्रभारी सोनू गिरी ने बताया कि झारखंड से लगभग 1380 कार्यकर्ता आस्था ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इनमें धनबाद जिला के 31 कार्यकताओं को रेलवे ने यह तोहफा दिया है। इनमें सिंदरी से धनबाद जिला प्रभारी प्रभारी सोनू गिरी, सोनू सिंह, सिंटू कुमार, रंजीत कुमार निषाद, देव कर्मकार, अमन कुमार ठाकुर, करण महतो, प्रकाश कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड के सभी कार्यकताओं को रेलवे ने मोबाइल के माध्यम से सूचित किया है स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी। वहां से चक्रधरपुर, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, कोडरमा, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर होते हुए वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। यहां 4 घंटे विश्राम के बाद अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगी। भगवान के दर्शन के बाद अयोध्या से 4 फरवरी की देर शाम यह ट्रेन वापस लौटेगी।

पेज 3 का शेष

### झारखंड में चंपाई राज...

**रघुवर को छोड़ किसी का कार्यकाल पूरा नहीं :** श्री सोरेन राज्य के 12वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्य में रघुवर दास को छोड़कर कोई मुख्यमंत्री अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया । वैसे अलग-अलग अवधियों को जोड़कर सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अर्जुन मुंडा के नाम दर्ज है।

### हेमंत सोरेन से पांच दिन...

किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने का भी निर्देश है। **सुरक्षा पर फैसला आज :** हेमंत सोरेन के वकील प्रदीप चंद्रा ने शुक्रवार को एक याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि हेमंत सोरेन से ईडी दिन भर पूछताछ करे। पूछताछ के बाद रात में उन्हें जेल या और कहीं सुरक्षित जगह पर रखा जाये। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए ऐसा अनुरोध किया गया है। याचिका पर ईडी कोर्ट शनिवार को अपना आदेश सुनायेगा। **30 मिनट तक परिजनों को भेंट का निर्देश :** पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन अपने परिवार के सदस्य और अपने वकील से मुलाकात करने की छूट दी है। मुलाकात की अवधि 30 मिनट तक है। मालूम हो कि ईडी ने बुधवार को देर रात हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड पर सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दलीलें दी थी कि बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री समेत अन्य मामलों में पूछताछ की जानी है। बड़गाई के पूर्व राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के घर से जप्त 17 रजिस्टर और मोबाइल से प्राप्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि मामले में हेमंत सोरेन भी षड्यंत्रकारी के रूप में सम्मिलित हैं। अदालत को यह भी बताया कि हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास शांति निकेतन से बरामद 36 लाख नगद और करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्ल्यू कार के स्रोत का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए उक्त तथ्यों के संदर्भ में आरोपी हेमंत सोरेन से पूछताछ आवश्यक है।

### नफरत के खिलाफ लड़ना...

इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों, युवाओं, आदिवासियों, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया। इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे भाजपा ने तोड़ दिया। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। **मोहब्बत की दुकान खोल रहे :** राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों, युवाओं,आदिवासियों,महिलाओं एवं आमजनों के मन की बात सुनाना चाहते है। हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बाते समझना चाहते हैं। उनकी पीड़ा पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

### बिहार में जल्दबाजी...

**खरगे ने संविधान के प्रावधान का किया जिक्र :** खड़गे ने कहा कि संविधान में प्रावधान है कि मुख्यमंत्री के इस्तीफा देने की स्थिति में सरकार बनी रहेगी। राज्यपाल वैकल्पिक व्यवस्था होने तक इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री या किसी अन्य व्यक्ति के पद पर बने रहने की अंतरिम व्यवस्था करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल बहुमत रखने वाले दल से सरकार बनाने को कहते हैं और फिर उनसे विश्वास मत हासिल करने को कहा जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार में जो कुछ हुआ, वह झारखंड में क्यों नहीं? **मामले पर पीयूष गोयल ने कहा :** पीयूष गोयल ने कहा कि राज्यपाल के आचरण पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। राज्यपाल की कार्रवाई का बचाव करते हुए, उन्होंने कहा कि गवर्नर को सरकार बनाने के लिए किसी को भी बुलाने से पहले खुद संतुष्ट होना होता है तभी वह अगला कदम उठाते हैं। हालांकि, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर जोर दिया कि राज्य नेतृत्वविहीन क्यों हो गयी थी। हेमंत सोरेन को पद पर बने रहने या किसी और को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा गया और कोई अंतरिम व्यवस्था नहीं की गई। इसके बाद वे सदन से बहिर्गमन कर गये। बीआरएस के नेता डॉ के केशव राव ने कहा कि संविधान कहता है कि हर समय सरकार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का नेतृत्व मुख्यमंत्री की ओर से किया जाना चाहिए, चाहे मुख्यमंत्री कोई भी व्यक्ति हो, हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केशव राव ने कहा कि इस देश को संविधान के माध्यम से चलना है।

## सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में पुरातन छात्र सम्मेलन सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में पुरातन छात्रों का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। विद्यालय में सत्र 1995 की प्रथम बैच से लेकर 2015 बैच तक के भैया-बहन देश के कोने-कोने से विद्यालय में आए। विद्यालय प्रांगण पुरातन छात्रों से भरा हुआ था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिंफर के वैज्ञानिक श्री जे० के० पाण्डेय ने सरस्वती वंदन पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के भैया-बहनों ने कई रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के पुराने छात्रों ने अपना-अपना अनुभव प्रकट किया तथा विद्यालय की यादों को तरोताजा कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रथम बैच के विद्यार्थी रहे डॉ० दिनेश अग्रवाल, डॉ शुभेन्दू कुमार एवं डॉ० कोमल रानी ने अपना अनुभव बाँटा । सिम्फर के वैज्ञानिक जे० के० पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए यहाँ के भैया-बहनों की भी प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ और मोमेन्टो देकर सम्मानित किया।

### बीएसके कॉलेज मैथन में सेमिनार

**कुमारधुबी ।** नमामि गंगा योजना अंतर्गत शुक्रवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर बीएसके कॉलेज मैथन में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उदेश्य जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण एवं मानव कल्याण में आर्द्रभूमि के महत्तवपूर्ण भूमिका के बारे जागरुकता बढ़ाना है।

## गोड्डा में क्रीड़ा सप्ताह समारोह का समापन

**गोड्डा।** जिला में गणतंत्र दिवस के अवसर परए जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत चल रहे साप्ताहिक कीड़ा समरोह आज नेटबॉल प्रतियोगिता के साथ संपन्न हो गयाए नेटबॉल प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से कुल 21टीमों ने भाग लियाए जहा प्रतियोगिता का उद्घाटन गोड्डा ैक्ड बैजनाथ उरांव के द्वार खिलाड़ियों से परिचय व टॉस कर किया गयाए इस दौरान खिलाड़ियों को नैशनल प्रतियोगिता की याद दिलाने के साथ अनुशासित ढंग से खेनले की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान राष्टीय सह कोच खिलाड़ी मोनालीसा कुमारीए सचिव गुंजन कुमार झाए उपाध्यक्ष बैजनाथ देहरीए ललन कुमार लड्डूए कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र गांधीए विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षिका व कस्तूरवा गांधी बालिका विद्याल पथरगामा शारीरिक शिक्षिका मोजूद थी।

## सेवानिवृत्ति पर डीवीसी चंद्रपुरा के कर्मियों को दी गई विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में पदस्थापित 7 डीवीसी कर्मियों के सेवानिवृत्ति विदाई सह सम्मान समारोह में अधिकारियों ने गुलदस्ता और उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। समारोह का संचालन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह ने कहा कि दामोदर घाटी निगम के उन्नति में डीवीसी कर्मियों का अहम योगदान है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों से आग्रह किया कि वह अपनी सेवानिवृत्ति के बाद परिवार और समाज के सकारात्मक विकास धर्म में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और अपने स्वास्थ्य के प्रति वे जागरूक रहें। समारोह को सेवानिवृत कर्मी राकेश कुमार सिंह शिव प्रसन पासवान अविनाश टुडू इंद्र मांझी शमशेर खान दिलीप सिंह सत्येंद्र प्रसाद के अलावा जयदीप चटर्जी अजय कुमार कंचन स्मिता टोप्पो परविंद कुमार दीपक कुमार एमके झा और सेवानिवृत कर्मियों के परिजनों ने भी संबोधित किया।

# धनबाद-चंद्रपुरा रेल मार्ग के लिए बजट में राशि आवंटित

**रेल लाइन के निर्माण में 478.37 करोड़ रुपये होगा खर्च**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रेलवे धनबाद-चंद्रपुरा के बीच वैकल्पिक रेललाइन का निर्माण करेगी। इस पर करीब 478.37 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गुरुवार को संसद में पेश अंतरिम बजट में नये ट्रैक के लिए नौ करोड़ 99 लाख 98 हजार रुपये आवंटित किये गये। धनबाद रेल मंडल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने अपने कार्यालय सभागार में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट के तहत धनबाद में पांच रेलवे ट्रैक होंगे। इसके लिए हावड़ा-नयी दिल्ली रेलमार्ग पर प्रधानखंता से पहाड़पुर तक तीन नयी लाइन बिछाई जायेंगी। दो लाइन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत बिछाई जायेंगी, जबकि एक नयी लाइन को बिछाने की योजना है। इसके लिए बजट में फंड स्वीकृत हो गया है। धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेल मार्ग के लिए भी राशि आवंटित हो गयी है। जल्द ही काम शुरू किया जायेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि जो काम पहले से चल रहे हैं और प्रस्तावित हैं, उसके लिए फंड आवंटित हुआ है। मौके पर एडीआरएम ऑपरेशन विनीत कुमार, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीओएम अंजय तिवारी आदि भी मौजूद थे।

### रेलखंड पर खतरे को देखते हुए हो रही तैयारी

वर्तमान धनबाद-चंद्रपुरा रेलमार्ग पर भविष्य में संभावित खतरे को देखते हुए वैकल्पिक लाइन तैयार होनी है। डीआरएम ने बताया कि इसके लिए डायवर्जन प्लान फाइनल हो चुका है। तेतुलमारी, निचितपुर, मतारी, तेलो और धनबाद 43.8 किलोमीटर का वाइ कनेक्शन समेत लाइन तैयार करने के लिए फंड आवंटित हो गया है। वहीं डीसी लाइन में धनबाद से जमुनियाटांड़ से पहले तक पूर्व से डबल लाइन बिछी हुई है, लेकिन जमुनियाटांड़ से चंद्रपुरा तक 7.3 किमी लंबा रेलमार्ग सिंगल लाइन होने से परेशानी होती है। ऐसे में चंद्रपुरा से जमुनियाटांड़ तक लाइन के दोहरीकरण का काम होना है। इसके लिए बजट में फंड की स्वीकृति दी गयी है। काम पूरा होने पर डीसी लाइन का पूरी तरह से दोहरीकरण हो जायेगा।

### फ्लाइओवर के लिए 50 करोड़ स्वीकृत

गोमो स्टेशन के पास फ्लाइओवर का निर्माण चल रहा है। बजट में इसके लिए 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रधानखंता से सिंदरी के बीच रेल मार्ग के दोहरीकरण प्रोजेक्ट को बजट में 10 करोड़ की स्वीकृति मिली है इस मार्ग के दोहरीकरण से धनबाद-टाटा रेल मार्ग पर यातायात सुगम होगा। जल्द ही कतरासगढ़-निचितपुर, मतारी-गोमो, गोमो-तेलो, गोमो-खानूडीह, हजारीबाग रोड-केशवरी, प्रधानखंता-मानपुर, भूली-तेतुलमारी समपार फाटक टू के बदले ओवरब्रिज का निर्माण होगा।

# वायु शक्ति अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी वायु सेना

## राजस्थान के पोखरण में 17 को दिखाएगी युद्धक क्षमता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में 17 फरवरी को वायु शक्ति अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। लड़ाकू विमान राफेल और प्रचंड हेलीकॉप्टर पहली बार देश के भीतर होने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर का भी पहली बार इस अभ्यास में इस्तेमाल किया जायेगा। वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में



बताया कि हम इस अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। राफेल लड़ाकू जेट और अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास

- 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म लेंगे भाग
- देश में पहली बार राफेल अभ्यास में लेगा हिस्सा

1954 से चल रहा है और हम इस अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

भारत में निर्मित एलसीए तेजस और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी इस अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान एक से दो किमी. के दायरे में लगभग 40-50 टन आयुध गिराएंगे। अभ्यास के दौरान सेना रुद्र हेलीकॉप्टर से हथियार दागेगी और सेना के अल्ट्रा लाइट होवित्जर को चिनूक हेलीकॉप्टर के नीचे लटका कर प्रदर्शित किया जाएगा।

सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर भी पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेगी। इस अभ्यास में 120 से अधिक हवाई संपत्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म होंगे। वायु सेना के उप प्रमुख ने बताया कि हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों में राफेल की मीका मिसाइल और एलसीए तेजस से आर-73 मिसाइलें दागी जाएंगी। यह प्रति तीन वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला त्रैवार्षिक अभ्यास है। इसका उद्देश्य पूर्ण स्पेक्ट्रम संचालन के लिए भारतीय वायुसेना की क्षमता का प्रदर्शन और विमान एवं हेलीकॉप्टर, परिवहन विमान एवं मानव रहित हवाई वाहनों की भागीदारी प्रदर्शित करना है। वायु शक्ति का अंतिम संस्करण फरवरी 2019 में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2022 में 07 मार्च को जैसलमेर के पोकरण रेंज में होने वाला अभ्यास रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के चलते स्थगित कर दिया गया था।

# अमेरिका 31 एमक्यू-9 बी सशस्त्र ड्रोन भारत को देगा

- अमेरिका ने 3.99 अरब डॉलर की रक्षा सौदे की दी मंजूरी
- नौसेना को 15 सी-गार्जियन ड्रोन, थलसेना और वायुसेना को आठ-आठ स्काई गार्डियन ड्रोन मिलेंगे

**वाशिंगटन (हि. स.)।** भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय रिश्तों की ताजा कड़ी में एक और रक्षा सौदे को अंतिम मंजूरी मिली है। अमेरिका ने गुरुवार को 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी। इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिये वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता को बढ़ेगी। इस ड्रोन सौदे की घोषणा जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान की गई थी।

रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने कहा कि विदेश विभाग ने 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी एयरक्राफ्ट और संबंधित उपकरणों को भारत सरकार को बेचने को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा कि कांग्रेस को इस संभावित बिक्री के बारे में सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण दे दिया है। एजेंसी ने कहा कि इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत के रणनीतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी और हिंद-प्रशांत तथा



दक्षिण एशियाई क्षेत्र में आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रस्तावित बिक्री से परिचालन के समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त को सक्षम बनाकर वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की भारत की क्षमता में सुधार होगा।

भारत अपने सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर, लंबे समय तक संचालित होने वाले ड्रोन खरीद रहा है। तीन अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत, भारत को 31 अत्याधुनिक ड्रोन (यूएवी) मिलेंगे। उनमें से 15 सी-गार्जियन ड्रोन नौसेना को मिलेंगे, जबकि थलसेना और वायुसेना को आठ-आठ स्काई-गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। डीएससीए ने इस बात की सराहना कि भारत ने अपनी सेना के आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इसने कहा कि भारत को इन सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स सिस्टम (जीए) से ड्रोन की खरीद होगी। इससे पूर्व विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित ड्रोन सौदे की घोषणा की गई थी, जिसमें क्षेत्र में सैन्य सहयोग और द्विपक्षीय रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण संभावना है।

### चीन सीमा पर होगा तैनात

भारत अपने सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर, लंबे समय तक संचालित होने वाले ड्रोन खरीद रहा है।

# ट्रक-टैक्सी ड्राइवरों के लिए सभी एनएच पर आधुनिक विश्राम गृह

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए एनएच पर नई सुविधाओं वाले आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे। योजना के पहले चरण में एक हजार आधुनिक विश्राम गृह तैयार किये जाएंगे। भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के दिग्गजों के बीच एक मानवीय पहलू की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि लाखों ड्राइवर भी मोबिलिटी सेक्टर का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर घंटों-घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं। इनके पास आराम का समय नहीं होता। ऐसी मुश्किल परिस्थिति में ये लोग सड़क हादसों का भी शिकार हो जाते हैं। ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवार की इस चिंता को हमारी सरकार भली भांति समझती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्राइवरों को

### लाखों ड्राइवर भी मोबिलिटी सेक्टर का हिस्सा : प्रधानमंत्री



बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। इस योजना के तहत सभी नेशनल हाइवे पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा। इन भवनों में ड्राइवरों के लिए भोजन, पीने का साफ पानी, शौचालय, पार्किंग और आराम करने की पूरी व्यवस्था होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के पहले चरण में देशभर में ऐसे एक हजार भवन बनाने की है। ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए बनाए गये ये भवन ड्राइवरों की ईज ऑफ लिविंग और ईंज ऑफ ट्रैवलिंग दोनों बढ़ाएंगे। इससे उनकी सेहत भी ठीक रहेगी और दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।

# धामी को समिति ने सौंपा यूसीसी का ड्राफ्ट

### उत्तराखंड की करीब 10 फीसदी आबादी से लिये गये सुझाव

**देहरादून।** देहरादून के न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष रंजना देसाई की मौजूदगी में समिति के सदस्यों ने ड्राफ्ट सौंप दिया। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति में दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल और सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ शामिल थे। कमेटी द्वारा ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद



मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के लिए शुभ दिन है। इस दिन का पूरे देश को लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वादों के अनुसार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर आगे बढ़ते हुए काम किया है। यूसीसी से कुरीतियां और कुप्रथाएं अपराध बनेंगी। मुख्यमंत्री ने समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य की जनता एवं राज्य सरकार की ओर से समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी की ओर से दो उप समितियां बनाई गईं। माणा गांव से लेकर 43 स्थानों पर संवाद हुआ। वेब पोर्टल लांच किया गया। इसके साथ ही 02 लाख 33 हजार लोगों ने विचार दिया। राज्य के 10 प्रतिशत लोगों ने राय रखी।

## इडी व सीबीआइ भाजपा के इशारे पर कर रही है काम : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के शासन में देश का लोकतंत्र और संवैधानिक अखंडता खतरे में है। इनके शासनकाल में इडी और सीबीआई सहित तमाम स्वायत्त संस्थाएं भी भाजपा के इशारे में कार्य करती प्रतीत होती हैं।

श्री सिद्दारमैया ने कहा कि पिछले एक दशक में विपक्षी नेताओं पर ईडी का निशाना कड़वी हकीकत के रूप में सामने आई है कि सीबीआई, आईटी और ईडी अब स्वायत्त संस्थाएं नहीं रही हैं, बल्कि ये देश में भाजपा के पर काम करती नजर आ रही है।

# बंगाल के दो जिलों में राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर रोक

एजेंसी

**कोलकाता।** बीरभूम जिला पुलिस ने शुक्रवार को होने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। रैली आयोजित करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीरभूम जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक शुक्रवार से शुरू होने वाली पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है।




मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को होने वाली रैली को भी इसी आधार पर पुलिस की अनुमति नहीं दी गई है। ये रैलियां राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आखिरी कार्यक्रम माना जा रहा है, इसके बाद झारखंड में प्रवेश करना है।

## बिहार में मांझी ने की दो मंत्री पद की मांग

**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार में अभी तक मंत्रियों के विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है। लेकिन, मंत्री पद को लेकर सहयोगी दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने दबाव की सियासत शुरू कर दी। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने एक और मंत्री पद की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करना अन्याय होगा। पटना में मांझी ने कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को मंत्रिमंडल में कम से कम एक और मंत्री पद मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्दलीय को मंत्रिमंडल में स्थान भी मिल रहा है और सुनने में आ रहा है कि मनचाहा विभाग भी मिल रहा है। मांझी ने यहां तक कहा कि उन्होंने अपनी मांग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने भी रखी है। महागठबंधन द्वारा सीएम का ऑफर था, लेकिन, मैंने उसे ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे पैसे और पद का लालच कभी नहीं रहा, जो यह समझते हैं, उन्हें गलतफहमी है। मांझी ने पार्टी से अनिल कुमार सिंह को मंत्री बनाने की मांग उठाते हुए कहा कि ऐसा नहीं करना अन्याय होगा। वह सवर्ण समाज से आते हैं।

### बजट से गुलजार हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 440 और निफ्टी 156 अंक चढ़ा

# 3.37 करोड़ रुपये बढ़ा मार्केट कैप

एजेंसी

**मुंबई।** बजट में लोकलुभावन वादों की बजाय देश के समग्र विकास के लिए उठाए गए ठोस कदम से उत्साहित निवेशकों की तेल एवं गैस, ऊर्जा, धातु, आईटी और टेक समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी गुलजार रहा। बाजार में बंपर उछाल के बीच बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 3.37 करोड़ रुपये बढ़ गया है।

शेयर बाजार में एक फरवरी को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 379.42 लाख करोड़ रुपये था। शुक्रवार को यह उछलकर 382.79 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। निवेशकों की पूंजी में 3.37 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया है। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक की तेजी के साथ 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 156.35



अंक उछलकर 21,853.80 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 38,928 अंक और स्मॉलकैप 0.49 प्रतिशत चढ़कर 45,849 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2036 में लिवाली जबकि 1811 में बिकवाली हुई ।

**इन कंपनियों के शेयर में उछाल :** बीएसई के 16 समूहों में लिवाली का जोर रहा। इस दौरान तेल एवं गैस 4.22, ऊर्जा 3.44, धातु 2.95, कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.45, हेल्थकेयर 0.23, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 2.17, यूटिलिटीज 2.18, ऑटो 0.37, पावर 1.81, रियल्टी 0.85, टेक 1.68 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.22 प्रतिशत मजबूत रहे।

विश्व बाजार का रुख मिलाजुला रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जर्मनी का डैक्स 0.78 और 0.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.21 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.46 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 4.10, एनटीपीसी 3.34, टीसीएस 2.98, टाटा स्टील 2.89, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.74, विप्रो 2.52, इंफोसिस 2.26, रिलायंस 2.18, टेक महिंद्रा 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.82, एचसीएल टेक 0.71, एसबीआई 0.39, मारुति 0.19 और टाटा मोटर्स 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

**इन कंपनियों का शेयर घटा :** वहीं, एक्सिस बैंक 1.42, एचडीएफसी बैंक 1.33, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.81, आईटीसी 0.60, एलटी 0.57, टाइटन 0.34, इंडसइंड बैंक 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.08 और भारती एयरटेल के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।


## अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन



**मुंबई।** मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं।

## एक नजर में

### बम और ग्रेनेड हमलों से दहला बलूचिस्तान



**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में गुरुवार को कम से कम 10 जगह बम और ग्रेनेड से हमला किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय सरकार के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। हमलावरों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। हमले में एक पुलिस अधिकारी और एक जेल वार्डन सहित छह लोग घायल हो गए। क्वेटा के एसएसपी (ऑपरेशंस) जवाद तारिक के अनुसार, क्वेटा के स्पिनी इलाके में सीपीईसी रोड पर फुटपाथ पर रखा एक बम फट गया। इससे एक राहगीर की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शक्तिशाली विस्फोट से प्रांतीय राजधानी के कई इलाके दहल गए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### भारतीय छात्र श्रेयस की अमेरिका में मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओहियो में एक भारतीय मूल के छात्र श्रेयस की मौत हो गई है। पुलिस को भारतवंशी छात्र का शव मिला है। वहीं, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने छात्र के निधन पर दुख व्यक्त किया। भारतवंशी छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के रूप में हुई है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि ओहियो में भारतीय मूल के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। पुलिस जांच चल रही है।

### मुंबई में सीरियल बम ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन कर कहा कि शहर में छह जगह बम लगाए गए हैं। यह बम सिलसिलेवार फटेंगे। इसके बाद इस व्यक्ति ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की तलाश की जा रही है।

### अब फ्रांस में भी काम करेगा यूपीआइ

**पेरिस।** भारत में ट्रांजैक्शन को आसान बनाने वाला यूपीआई अब फ्रांस में भी काम करेगा। शुक्रवार इसे एफिल टॉवर पर लांच किया गया। यह फ्रांस जाने वाले भारतीय पर्यटकों के लिए किसी सौगात की तरह है। एफिल टॉवर जाने वाले भारतीय टूरिस्ट यूपीआई का इस्तेमाल करके आसानी से ऑनलाइन टिकट खरीद सकते हैं। इस बात की घोषणा पेरिस में इंडियन एंबेसी द्वारा आयोजित भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान की गई। यह कदम इसलिए भी काफी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि एफिल टॉवर जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में भारतीयों दूसरे नंबर पर हैं। भारतीय पर्यटक यूपीआई सपोर्टेड ऐप्स के जरिए क्यूआर कोड स्कैन करके बेहद आसानी से पेमेंट कर सकेंगे।

### राष्ट्रपति ने किया सूरजकुंड शिल्प मेले का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को हरियाणा के फरीदाबाद में 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला- 2024 का उद्घाटन किया। आम जनता के लिए यह मेला 18 फरवरी तक खुला रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं सभी कलाकारों को साधक मानती हूं। देश के शिल्पी भारत की सभ्यता और संस्कृति के निर्मात और संरक्षक हैं।







# किसी लोकलुभावन घोषणा का न होना भी सुखद रहा

**आकाश प्रकाश**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने राजकोषीय अनुशासन की दृष्टि से मजबूत और लोकलुभावन घोषणाओं से मुक्त बजट प्रस्तुत किया। इससे जाहिर होता है कि सरकार 2024 के आम चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त है इसलिए उसे लोकलुभावन कदमों की कोई आवश्यकता नहीं महसूस हुई।

बजट राजकोषीय समेकन पर एक मजबूत संदेश देता है। वित्त वर्ष 24 के लिए राजकोषीय घाटे के 5.9 फीसदी के लक्ष्य को घटाकर 5.8 फीसदी कर दिया गया है और वित्त वर्ष 25 के लिए 5.1 फीसदी का राजकोषीय घाटा लक्ष्य तय किया गया है। यह बाजार के अनुमानों की तुलना में काफी बेहतर है।

वित्त वर्ष 24 में उन्होंने बजट में किए गए उल्लेख की तुलना में कम नॉमिनल जीडीपी वृद्धि के बावजूद बजट घाटे का लक्ष्य हासिल किया है। पश्चिमी देशों में से अधिकांश जहां अपने घाटे और ऋण के समीकरणों से जूझ रहे हैं, वहीं भारत का साफ कहना है कि हम राजकोषीय समेकन के साथ भी सात फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर सकते हैं।

वित्त मंत्री ने घाटे के लक्ष्य को वित्त वर्ष 26 तक कम करके 4.5 फीसदी करने का लक्ष्य भी रखा है जबकि अधिकांश लोगों का मानना रहा है कि इसे पाना संभव नहीं होगा। चूंकि नीतिगत मोर्चे पर कहने को ज्यादा कुछ नहीं है इसलिए बजट के आंकड़ों की ही बात करते हैं। वित्त वर्ष 24 में करीब 9 फीसदी की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि के साथ केंद्र सरकार का सकल कर राजस्व 12.5 फीसदी बढ़ा है।

कुल कर राजस्व 34.37 लाख करोड़ रुपये रहा जो शुरूआती लक्ष्य से 76,500 करोड़ रुपये अधिक था। गैर कर राजस्व भी अनुमान से 74,000 करोड़ रुपये अधिक था जबकि विनिवेश एक बार फिर केवल 30,000 करोड़ रुपये रहा जबकि इसके लिए 61,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया था।

राजस्व में इजाफा इसलिए हुआ कि आय कर में 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई रिजर्व बैंक तथा सरकारी बैंकों से गैर कर प्राप्तियों के लाभांश के रूप में 63,500 करोड़ रुपये की राशि मिली। करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये के इस संयुक्त राजस्व में आधी राशि राज्यों को बढ़ी हिस्सेदारी के रूप में दी गई जबकि शेष केंद्र सरकार द्वारा व्यय की गई।



वित्त वर्ष 24 में व्यय बजट के अनुरूप 45 लाख करोड़ रुपये के करीब रहा, हालांकि पूंजीगत व्यय में 50,000 करोड़ रुपये की कमी रही। वित्त वर्ष 25 के बजट के गणित को समझने के लिए यह परिदृश्य महत्त्वपूर्ण है। वर्ष के दौरान 10.5 फीसदी की उच्च नॉमिनल जीडीपी वृद्धि के अनुमान के साथ सकल कर राजस्व के 11.5 फीसदी बढ़ने का अनुमान है।

यहां काफी बचाव उपलब्ध है। कॉर्पोरेट कर के केवल 13 फीसदी की दर से विकसित होने की उम्मीद है। हालांकि बाजार कॉर्पोरेट जगत के लिए कम से कम 15-20 फीसदी वृद्धि की अपेक्षा कर रहा है। आय कर के भी 13 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है हालांकि वित्त वर्ष 24 में इसमें 23 फीसदी की दर से वृद्धि हुई।

उच्च आधार पर गैर कर राजस्व में केवल 6 फीसदी की दर से वृद्धि हुई, विनिवेश के 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकारी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते तीन साल में तीन गुना हो गया है और इस लिहाज से यह एक मामूली लक्ष्य है। व्यय के मोर्चे पर पूंजीगत व्यय के 17 फीसदी के दर से बढ़ने की बात कही गई है जिसके वित्त वर्ष 24 में खर्च 9.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। कुल व्यय केवल 6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। पूंजीगत व्यय तो बढ़ रहा है लेकिन राजस्व व्यय में कमी आ रही है। व्यय में होने वाले इजाफे की भरपाई कर वृद्धि से की जाती है। करीब 381,175 करोड़ रुपये की सब्सिडी में 32,000 करोड़ रुपये की कमी आएगी जो करीब 8 फीसदी है।

जीडीपी के 1.2 फीसदी के स्तर के साथ सब्सिडी कोविड के पहले के स्तर के अनुरूप है। व्यय का बेहतर घटकर राजस्व घाटे के जीडीपी के दो फीसदी तक आने में देखा जा सकता है। वित्त वर्ष 24 में यह 2.8 फीसदी था। व्यय की सीमाओं के बावजूद सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाई है और इसमें व्यय 54,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 80,671 करोड़ रुपये तक पहुंच रहा है यानी करीब 50 फीसदी का इजाफा। मनरेगा पर व्यय वित्त वर्ष 24 में 86,000 करोड़ रुपये के साथ बजट में उल्लिखित 60,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक रहा।

सरकार के पूंजीगत व्यय की बात करें तो रेलवे और सड़क मंत्रालय दोनों ने व्यय में तेजी बनाए रखी है लेकिन अवशोषण क्षमता के पास पहुंचते-पहुंचते वृद्धि एक अंक में गिर रही है। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2.52 लाख करोड़ रुपये है जो वित्त वर्ष 23 में 2.40 लाख करोड़ रुपये था। राजमार्गों पर होने वाला पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 23 के 2.65 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

रक्षा क्षेत्र का पूंजीगत व्यय भी 1.57 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है। राज्यों को पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से 1.3 लाख करोड़ रुपये का ब्याज रहित ऋण देना जारी रखा गया है। सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसदी के साथ राजकोषीय घाटा विशुद्ध रूप से कम है। यह वित्त वर्ष 24 के 17.34 लाख करोड़ रुपये से कम होकर 16.85 लाख करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 24 में शुद्ध बाजार उधारी भी 11.80 करोड़ रुपये से कम होकर 11.75 लाख करोड़ रुपये रह गई।

एक ऐसे वर्ष में जब हमें सूचकांक समावेशन के कारण एफपीआई से वृद्धिशील बॉन्ड आवक में 15-20 अरब डॉलर की राशि प्राप्त होनी चाहिए, शुद्ध उधारी में कमी बॉन्ड प्रतिफल के लिए बेहतर संकेत है। कम बाजार उधारी को भी बढ़ाचढ़ाकर बताया जा सकता है क्योंकि अल्प बचत के अनुमानों को लेकर भी रुढ़िवादी रुख वाली रही है। यह बजट और इसके जरिये निवेशकों को राजकोषीय समेकन पर मिलने वाला आत्मविश्वास अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों में कमी ला सकता है।

मजबूत आर्थिक वृद्धि और कम ब्याज दरों से निजी पूंजीगत व्यय बढ़ना चाहिए। सरकार पूंजीगत व्यय के अवशोषण क्षमता के चरम पर पहुंच रही है। ऐसे में हमें 20 फीसदी की वृद्धि दर देखने को नहीं मिलेगी। अब अगर हमें 7 फीसदी से अधिक की जीडीपी वृद्धि हासिल करनी है तो निजी क्षेत्र को अहम भूमिका निभानी होगी। यह बजट निजी पूंजीगत व्यय बढ़ाने की दृष्टि से अहम है। पीएम-किसान भुगतान में भी इजाफा नहीं किया गया। कोई अहम नीतिगत घोषणा नहीं की गई। वे चुनाव के बाद पूर्ण बजट में की जाएंगी। इकलौती दिलचस्प बात थी 50 वर्ष के ब्याजरहित ऋण के साथ गहन प्रौद्योगिकी एवं शोध की फंडिंग के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने की घोषणा। इससे मूल्य शृंखला को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और हमारी कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बेहतर बनेगी।

# कर-जीडीपी अनुपात ज्यादा रहने का अनुमान

**कॉर्पोरेट कर और सीजीएसटी अनुमान में बदलाव नहीं**

वित्त मंत्रालय चालू वित्त वर्ष के लिए कुछ करों जैसे कि कॉर्पोरेशन कर, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से राजस्व अनुमान और अगले वर्ष में कर वृद्धि को संशोधित करने में थोड़ा रूढ़िवादी रहा है। हालांकि वित्त वर्ष 2024 के लिए संशोधित अनुमान में कर और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात को 2008-09 के बाद से उच्चतम स्तर पर रखा गया है और वित्त वर्ष 2025 में इसके और बढ़ने का अनुमान है।

चालू वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान में कर प्राप्तियों में 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है जबकि बजट अनुमान में इसके 0.99 फीसदी बढ़ने की उम्मीद जताई गई थी। इस बढ़ोतरी में लगभग पूरा हिस्सा व्यक्तिगत आयकर से आने का अनुमान लगाया गया था।

चालू वित्त वर्ष में व्यक्तिगत आयकर ही ऐसा कर है जिसका संग्रह संशोधित अनुमान से ज्यादा रहा है। कॉर्पोरेट कर और केंद्रीय जीएसटी को संशोधित अनुमान में बजट अनुमान के स्तर पर रखा गया है क्योंकि केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह कम रहने का अनुमान लगाया गया है।

लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक कॉर्पोरेट कर प्राप्तियां 7.22 लाख करोड़ रुपये रही हैं। यह वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट अनुमान और संशोधित अनुमान से करीब 2 लाख करोड़ रुपये कम है। सितंबर और दिसंबर तिमाही में अग्रिम कर की किस्त में सरकार को 2-



2 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि जून में केवल 82,000 करोड़ रुपये मिले थे।

अगर मार्च में भी कॉर्पोरेट कर से 2 लाख करोड़ रुपये मिलते हैं तो उस महीने का कर संग्रह का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। इसके अलावा जनवरी और फरवरी में भी सरकारी खजाने में कर संग्रह होगा।

वित्त मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 10 जनवरी तक कॉर्पोरेट कर संग्रह 12.37 फीसदी बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट अनुमान में 11.72 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया था। इससे पता चलता है कि कॉर्पोरेट कर संग्रह भी बजट अनुमान से अधिक रह सकता है।

केंद्रीय जीएसटी के मामले में भी ऐसा ही है। केंद्रीय जीएसटी प्राप्तियां बढ़ने के बावजूद संशोधित अनुमान में इसे बजट अनुमान के स्तर पर रखा गया है। जनवरी तक केंद्रीय जीएसटी मद में प्राप्तियां वित्त वर्ष 2024 के बजट अनुमान से महज 1.10 लाख करोड़ रुपये कम हैं। अगले वित्त वर्ष के लिए कुल कर संग्रह में 11.45 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। यह वित्त वर्ष 2024 के 12.5 फीसदी बढ़ोतरी के अनुमान से कम है। कर संग्रह में इजाफा मुख्य रूप से कॉर्पोरेट

कर, व्यक्तिगत आयकर और केंद्रीय जीएसटी मद से होगा। इन सभी मद में कर संग्रह वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान से 13.15 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। एचडीएफसी बैंक ने एक नोट में कहा है कि जीएसटी संग्रह का अनुमान थोड़ा रूढ़िवादी लगता है और इससे बढ़ोतरी हो सकती है।

# राजकोषीय घाटा कम करने पर जोर

**बजट में अनुमान लगाया गया है कि नॉमिनल जीडीपी वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद का 10.5 प्रतिशत रहेगी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों में उम्मीद से बेहतर राजकोषीय एकीकरण का अनुमान प्रस्तुत किया है। साथ ही उन्होंने अगले वर्ष के लिए बजट अनुमान पेश किया है जिसमें जोरदार कर संग्रह का गणित शामिल नहीं है।

हालांकि कई विश्लेषकों का पहले मानना था कि वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान में संभावित राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात के रूप में पूरी तरह हासिल करना मुश्किल हो सकता है, भले ही इसे संख्या के लिहाज से हासिल कर लिया जाए। उन्होंने अनुमानित रूप से नॉमिनल आर्थिक वृद्धि अनुमान से कम रहने के कारण ऐसी आशंका जताई थी। सरकार के राजस्व की तुलना में उसका अधिक व्यय राजकोषीय घाटा होता है।

बजट में अनुमान लगाया गया है कि नॉमिनल जीडीपी वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद का 10.5 प्रतिशत रहेगी, लेकिन पहले अग्रिम अनुमान में इसे 8.9 प्रतिशत माना गया है।

हालांकि राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 24 के लिए संशोधित अनुमान में न केवल निरपेक्ष रूप से कम 17.35 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि बजट अनुमान में यह 17.87 लाख करोड़ रुपये था। संशोधित अनुमान में इसका अनुपात जीडीपी के 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था, जबकि बजट अनुमान में यह अनुपात 5.9 प्रतिशत था।

राज्यों को हस्तांतरण करने के बाद कर राजस्व वर्ष 2023-24 के लिए संशोधित अनुमान में 0.28 प्रतिशत तक की कमी के साथ 23.23 लाख करोड़ रुपये रहने के अनुमान के बावजूद ऐसा हुआ। इसका एक कारण राज्यों को पिछले बकाये का 7,000 करोड़ रुपये का हस्तांतरण भी रहा।

हालांकि गैर-कर राजस्व, विशेष रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से हस्तांतरण ने करों के मोर्चे पर राजस्व हानि की भरपाई की है। चालू वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान में यह राशि 24.5 प्रतिशत तक बढ़कर 3.76 लाख करोड़ रुपये हो गई है। विनिवेश से धीमी राज्व के कारण इससे केंद्र को केवल 1.45 प्रतिशत अधिक 27.55 लाख करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

वित्त मंत्री बजट अनुमान में रखे गए पूंजीगत व्यय में पांच प्रतिशत से अधिक की कटौती करके इसे 9.5 लाख करोड़ रुपये तक ला सकती हैं जिससे चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान में बेहतर राजकोषीय समेकन हो सकता है।

अगर पूंजीगत परिसंपत्तियों के लिए अनुदान को शामिल कर लिया जाए तो कुल पूंजीगत व्यय सात प्रतिशत से अधिक घटकर 12.71 लाख करोड़ रुपये रह जाता है।

अगले वर्ष के लिए ये उम्मीदें थीं कि सरकार केंद्र के राजकोषीय घाटे को लगभग 5.2 से 5.3 प्रतिशत के स्तर पर रखेगी, लेकिन सीतारमण ने इसके 5.1 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने राजकोषीय समेकन की राह के लिए प्रतिबद्धता भी जताई है और वर्ष 2025-26 के दौरान घाटा कम करके 4.5 प्रतिशत से नीचे लाया जाएगा।

वित्त वर्ष 24 के संशोधित अनुमान की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व व्यय लगभग 36 लाख करोड़ रुपये के साथ केवल तीन प्रतिशत अधिक आंका गया है।

संशोधित अनुमान की तुलना में वित्त वर्ष 25 के लिए पूंजीगत व्यय तकरीबन 17 प्रतिशत अधिक 11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। पूंजीगत संपत्तियों के लिए अनुदान सहित यह राशि लगभग 18 प्रतिशत बढ़कर लगभग 15 लाख करोड़ रुपये हो जाती है।जेंडर बजट पर सरकार करेगी रिकॉर्ड खर्च, आवंटित किए गए 3.1 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी।

# भारत की प्रगति में बड़ा बाधक है भ्रष्टाचार



**मनोज पाण्डेय**


वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल के नवीनतम भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) से पता चलता है कि 2023 में देश में सरकारी क्षेत्र का भ्रष्टाचार एक मुद्दा रहा। वर्ष 2022 में जहां देश को 180 देशों में 85वां स्थान मिला था, वहीं इस वर्ष वह फिसलकर 93वें स्थान पर चला गया है।

यह रैंकिंग सापेक्ष स्थिति दर्शाती है। देश का सीपीआई अंक 100 में 40 से घटकर 100 में 39 रह गया है। ज्यादा अंक बेहतर स्थिति को दशार्ता है।

ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल की टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि इस मामूली बदलाव से कोई अहम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। रिपोर्ट में दूरसंचार कानून के पारित होने को खतरे का संभावित संकेत माना है जिसके जरिये राज्य की निगरानी शक्तियों का विस्तार हुआ है।

परंतु दीर्घावधि में भारत के सीपीआई अंक और रैंकिंग पर गौर करने से संकेत निकलता है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा जिन्न है जिससे भारत को अभी निर्णायक




लड़ाई जीतनी है।

वर्ष 2012 से ही भारत का सीपीआई परिणाम 30-40 के इर्दगिर्द रहा है। भारत ने 2018 और 2019 में दोनों साल 41 अंकों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह चीन के प्रदर्शन से बहुत अलग नहीं है जिसने ताजा सूचकांक में 100 में 42 अंक हासिल किए जबकि इससे पहले उसे 45 अंक मिले थे। रैंकिंग के नजरिये से भी देखें तो भारत 70-75 से 80-85 के दरमियान रहा है। 2015 में हमें 76वीं रैंक मिली थी जो एक वर्ष पहले के 85वें स्थान से बेहतर थी।

निश्चित तौर पर इन नतीजों के अंतर पर प्रश्नचिह्न लग सकता है क्योंकि ये कारोबारियों और विशेषज्ञों की धारणा पर आधारित हैं। सीपीआई स्कोर को किसी देश की रैंकिंग की तुलना में अधिक परिणाम दशार्ने वाला माना जाता है और इसे विश्व बैंक तथा विश्व आर्थिक मंच समेत कई संस्थानों के 13 अलग-अलग भ्रष्टाचार आकलनों से निकाले गए तीन डेटा स्रोतों से निकाला जाता है।

भारत को कजाकस्तान और लसूटू के साथ साझा रैंकिंग दी गई है और इसलिए इस पर पर थोड़ा सतर्क निगाह डालने की आवश्यकता है। सीपीआई में रिश्वत, अधिकारियों द्वारा अपने पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए करने, अत्यधिक लालफीताशाही, सरकार की सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने की काबिलियत आदि जैसे मानक शामिल होते हैं।

इसमें कुछ बातों को शामिल नहीं किया जाता है मसलन नागरिकों के भ्रष्टाचार से जुड़े प्रत्यक्ष अनुभव, धन शोधन, कर संबंधी धोखाधड़ी, अवैध वित्तीय आवक या असंगठित अर्थव्यवस्था और बाजार। ऐसा इसलिए कि इन सभी की निगरानी कर पाना मुश्किल होता है। चूंकि ये सभी तत्त्व भारत समेत विकासशील देशों में आम हैं, इसलिए संभव है कि सीपीआई इन देशों में भ्रष्टाचार की पक्षपाती तस्वीर पेश करे।

2016 के बाद से सीपीआई स्कोर के मामले में भारत 40 की ऊंचाई तक पहुंच गया। यह सार्वजनिक संपत्ति वितरण नीति में विवेकाधीन लाइसेंसिंग से नीलामी का प्रारूप अपनाने के कारण भी हो सकता है। विवेकाधीन लाइसेंसिंग दूरसंचार और कोयला घोटालों का स्रोत बनी थी जिसके कारण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का पतन हुआ था।

वस्तु एवं सेवा कर तथा ऋणशोधन कानून जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं की बदौलत सार्वजनिक भ्रष्टाचार की संभावना कम हुई। परंतु अर्थव्यवस्था में सरकारी व्यय के आकार को देखते हुए तथा उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं के जरिये विनिर्माण निवेश जुटाने के प्रयासों के बीच असली बदलाव न्याय व्यवस्था में सुधार में निहित है। इस क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है।

त्वरित और मजबूत न्याय प्रक्रिया खुद बड़ा बदलाव ला सकती है। वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ सूचकांक में भारत को 0 से एक अंक के बीच 0.49 अंक मिले। यहां एक अंक सबसे मजबूत कानून व्यवस्था को दशार्ता है। सीपीआई स्कोर तैयार करने में इस सूचकांक का भी इस्तेमाल किया जाता है।

इस पैमाने पर हम वियतनाम के आसपास हैं जो चीन प्लस वन निवेश नीति में भारत का अहम प्रतिस्पर्धी है।

# जेंडर बजट पर सरकार करेगी रिकॉर्ड खर्च, आवंटित किए गए 3.1 लाख करोड़ रुपये

**आवंटन** में इस वृद्धि के साथ ही जेंडर बजट अब सरकार के कुल व्यय का 6.5 फीसदी हो चुका है जो अब तक का सर्वाधिक है।

वत्त वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट पर सरकार का खर्च अब तक के रिकॉर्ड में सबसे अधिक होगा। सबसे ज्यादा होगा। अंतरिम बजट के तहत, महिलाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए 3.1 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके मुकाबले पिछले वित्त वर्ष में करीब 2.2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

आवंटन में इस वृद्धि के साथ ही जेंडर बजट अब सरकार के कुल व्यय का 6.5 फीसदी हो चुका है जो अब तक का सर्वाधिक है। इस मामले में पिछले दो दशकों का औसत 4.8 फीसदी रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार, सरकार का जेंडर बजट में खर्च बढ़कर बजट प्रस्ताव के 116.5 फीसदी तक हो जाएगा और वह इस मद में 2.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर सकती है।

भारत में जेंडर बजट की शुरूआत वित्त वर्ष 2005-06 में हुई थी। इसे खास तौर पर बजटीय आवंटन को स्त्री-पुरुष के नजरिये से देखने और यह सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया था ताकि विकास के लाभ से महिलाएं वंचित न रहने पाएं। यह कोई अलग बजट तैयार करने का संकेत नहीं देता है, बल्कि यह महिलाओं की खास जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करता है। मगर जेंडर बजट का आकार देश के सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले 1 फीसदी से भी कम है।

नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) की चेयरमैन एवं प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा कि जीडीपी के 1 फीसदी से भी कम का यह आवंटन संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा, ह्यजेंडर बजट का आकार एक वृहद आर्थिक सवाल है। मगर राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की राह के मद्देनजर जब तक कि करों में वृद्धि नहीं होती, वित्त मंत्री अपने घाटे के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक व्यय को कम करना चाहती हैं। यह एक अच्छी खबर है कि जेंडर बजट के मामले में सार्वजनिक व्यय में कटौती नहीं की गई है ।ह्व

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए काम करने वाली गैर-लाभकारी संस्था फीमे फर्स्ट फाउंडेशन की संस्थापक एंजेलिका अरिबम ने कहा, ह्यपिछले कुछ वर्षों में जेंडर बजट के सामने आने वाली प्रमुख समस्या इसके कार्यान्वयन संबंधी बाधाएं हैं। ऐसे में इसकी प्रगति की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। अधिक रकम उपलब्ध होने और सरकार के दबाव से धीरे-धीरे इन पर काबू पाया जा सकता है।

जेंडर बजट के मुख्य तौर पर दो भाग होते हैं। पहले भाग में उन कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है जो पूरी तरह महिलाओं के लिए होते हैं। मगर दूसरे भाग में ऐसे तमाम कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है जिनमें कम से कम 30 फीसदी प्रावधान महिलाओं पर केंद्रित होते हैं। इसका मतलब साफ है कि केंद्र सरकार की कुछ अन्य योजनाएं भी इस बजट के दायरे में आती हैं।

उदाहरण के लिए, इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना भी शामिल है जिसके लिए 54,500 करोड़ रुपये का आवंटन है। इसके अलावा 34,162.32 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ जल जीवन मिशन और करीब 29,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ मनरेगा भी इसके दायरे में हैं।

चक्रवर्ती का कहना है कि इस तरह के प्रमुख खर्च को जेंडर के नजरिये से देखना महत्त्वपूर्ण है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह केवल महिलाओं के लिए विशेष तौर पर लक्षित कार्यक्रमों तक ही सीमित हो सकता है जो बजट का बमुश्किल से 1 फीसदी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण साल 2019-20 से इस पद मौजूद हैं और वह देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं।

वह सबसे लंबे समय तक वित्त मंत्री के रूप में सेवा देने वाली पहल महिला भी हैं। उन्होंने संसद में घोषणा की कि महिलाओं का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला उद्यमियों को लगभग 30 करोड़ मुद्रा ऋण दिए गए हैं और पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 70 फीसदी से अधिक मकान महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिक के रूप में दिए गए हैं।